खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, रविवार 28 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 304 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुकेः भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडुः एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत

## मृतकों में कई बच्चे भी शामिल, 30 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नमक्कल।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से वह भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। बताया जाता है कि भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। अचानक से वहां मौजूद लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। इसके बाद

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

अभिनेता विजय ने अपना भाषण रोक दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही एक्टर विजय अपना भाषण बीच -**शेष पृष्ठ दो पर**



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शनः लद्दाख डीजीपी

**लेह, वार्ता**



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को -**शेष पृष्ठ दो पर**

## घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूदः बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

## सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।

## राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहाः बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में



**जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्हीं के लिए हमने बुलडोजर बनाया था**

**हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी**

बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित -**शेष पृष्ठ दो पर**

## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

## 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

## एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही: मोदी

**भुवनेश्वर, वार्ता**

**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक



**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**

इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• आंखे पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

## बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल


# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने



■ समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल

चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गो. विंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंद. राराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो



■ पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

## बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और



अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

## बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गईं। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरद. राज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विक.



सित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंच. ार मंत्री ने कहा है कि मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया

**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विक. सित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस



परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांग. चुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ रंगेहाथ दबोचा

## जमकर हुआ हंगामा, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** प्रेमी से मिलने पहुंची विवाहिता को पति ने रंगेहाथ दबोच लिया। जमकर हंगामा हुआ। मौका पाकर विवाहिता प्रेमी संग फरार हो गयी। वहीं पति ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

मामला कस्बे के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक युवक की शादी छह साल पहले दूसरे मोहल्ले में रहने वाली एक युवती के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चे भी हैं। इस दौरान विवाहिता का प्रेम-प्रसंग कस्बे के ही एक युवक से शुरू हो गया। जिसकी भनक पति को लग गई, वह पत्नी पर नजर रखने लगा। शनिवार सुबह विवाहिता प्रेमी से मिलने के लिए घर से निकली तो पति भी पीछे-पीछे चल पड़ा। इसके बाद दोनों कस्बे के ही एक गेस्ट हाउस में चले गए। पीछे से पति भी वहां पहुंच गया तथा दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। वहां पर हंगामा हो गया। शोर सुनकर भीड़ जुटी तो विवाहिता पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ भाग निकली। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मामले में पति ने पत्नी के प्रेमी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया है।

# दिव्यांगों को सशक्त बनाने में दें सहयोग: तंवर

## 241 दिव्यांगों को उपकरण बांटे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने कहा कि दिव्यांग भी समाज का मुख्य अंग हैं। हमें उनकी हर स्तर पर सहायता करनी चाहिए।

विकास भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने 241 दिव्यांगों को उपकरण का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिव्यांग भी समाज का अहम हिस्सा हैं। हमें उनके प्रति पूरी सहानूभूति करनी चाहिए। जिस स्तर पर उनकी मद्द को आगे आयें। उन्होंने कहा कि समाज में आज इनका महत्वपूर्ण स्थान है। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि दिव्यांगों को अपने स्तर से हरसंभव मद्द मुहैया करायें। इस दौरान उन्हें कान की मशीन, स्मार्ट कैन, बैसाखी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, पुनीत कुमार, राकेश सिंह, ज्ञान प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# होटल का खाना खाने से परिवार के सात बीमार

## उल्टियां होने पर कराया अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** होटल पर खाना खाने के बाद एक परिवार के सात समेत आठ लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। उल्टियां शुरू होते ही तबियत बिगड़ने पर सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिवार के लोग जब शिकायत करने पहुंचे तो होटल मालिक ने उलटा उनके साथ गाली-गलौज की। हंगामे से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में होटल मालिक व स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी खुर्द निवासी सलमान द्वारा डिडौली कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया है कि 22 सितंबर की रात करीब आठ बजे उसके पिता बदले हसन, मां शमीमा के अलावा परिवार के अरमान, सरफराज, नौशाद, जैद व रियाज बानो सहित दोस्त रितेश जोया स्थित एक होटल पर खाना खाने गए थे। जहां खाना खाने के थोड़ी देर बाद ही सभी की तबियत बिगड़ने लगी। उल्टियां आनी शुरू हो गई है। सूचना मिलते ही होटल पहुंचे परिवार के लोगों ने इन सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद सभी लोग एकत्र होकर शिकायत करने के लिए होटल पहुंचे। आरोप है कि होटल मालिक ने गाली-गलौज की। स्टाफ को बुलाकर अभद्र व्यवहार कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। घटना की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सास-ससुर को दो व जेठानी को तीन साल की सजा

## पति समेत तीन की सजा पर 29 सितम्बर को आएगा फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज हत्या में सास, ससुर को दो-दो साल जबकि जेठानी को तीन साल की सजा सुनाई गयी है। पति समेत तीन की सजा पर फैसला 29 सितम्बर को सुनाया जायेगा।

सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद राशिद ने अपनी बेटी रहनुमा की शादी 24 मार्च 2019 को हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव दोताई के रहने वाले शहजाद उर्फ गुड्डू के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति समेत अन्य ससुराल वाले रहनुमा को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उस पर मायके से दस लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। 21 जनवरी 2020 को ससुराल वालों ने रहनुमा को मारपीट करके घर से निकाल दिया था। तभी से वह मायके में पिता के साथ रहती थी। एफआईआर के मुताबिक उस वक्त रहनुमा गर्भवती भी थी। 26 जनवरी 2020 को पति शहजाद उर्फ गुड्डू अपने दो अज्ञात साथियों को लेकर उझारी आया और फैसला कर रहनुमा को अपने साथ ले गया। अगले दिन 27 जनवरी की सुबह 11 बजे थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर के पास एक आम के बाग में रहनुमा की लाश पड़ी मिली थी। उसके सिर पर गहरे घाव का निशान था। शुरुआत में पुलिस और परिजनों ने गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। जिसके आधार पर विवाहिता के पिता मोहम्मद राशिद ने शहजाद उर्फ गुड्डु व उसके परिजनों के अलावा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रहनुमा गला दबाकर हत्या की पुष्टि की गई थी। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया था कि उसके सिर का घाव गोली का नहीं है बल्कि उसके सरिया घोंपा गया है।

**साक्ष्य के अभाव में दो बरी**

सैदनगली पुलिस ने रहनुमा के पति शहजाद उर्फ गुड्डू, ससुर हाजी इकराम, सास शकील, जेठानी शबा उर्फ वाटो,उस्मान, शादाब, सद्दाम, फरमान, लुकमान के खिलाफ हत्या व दहेज हत्या में चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। इससे पहले सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शहजाद उर्फ गुड्डू आज तक जेल में है जबकि उस्मान, शादाब, सद्दाम, हाजी इकराम, शकीला और शबा उर्फ वाटो, फरमान, लुकमान को जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला जज विशेष एससी-एसटी एक्ट की अदालत में विचाराधीन थी। अदालत ने मुकदमे में सुनवाई के दौरान शहजाद उर्फ गुड्डू, उस्मान, शादाब और सद्दाम को हत्या के मामले में दोषी करार दिया जबकि ससुर हाजी इकराम, सास शकीला और जेठानी शबा उर्फ वाटो को दहेज उत्पीड़न में दोषी माना। सास-ससुर को दो तथा जेठानी को तीन साल जेल की सजा सुनाई। तीनों दोषियों पर छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, अदालत ने फरमान और लुकमान को साक्ष्य के आभाव में बरी किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राकेश मिश्रा ने बताया कि हत्या में दोषी पति शहजाद उर्फ गुड्डू, उस्मान, शादाब और सद्दाम की सजा पर अदालत में 29 सितंबर को सुनवाई होगी।

## छापेमारी में मशीन में रखे मिले चार नवजात

# ओटी सील होने के बाद भी की डिलिवरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अस्पताल की ओटी सील होने के बावजूद गर्भवती महिला की डिलीवरी किये जाने का मामला प्रकाश में आने पर स्वास्थ्य विभाग ने मशीन में रखें बच्चे वाले क्लीनिक पर छापा मार दिया।

शनिवार को स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि पूठ रोड पर जहां पर उन्होंने दो दिन पहले एक अस्पताल की ओटी को सील किया था वहां पर गर्भवती महिला की डिलीवरी की गई है तथा शिशु को कुछ फासले पर एक क्लीनिक की मशीन में रख दिया गया है। सूचना मिलते ही नोडल अधिकारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने टीम के साथ श्री कृष्णा बाल क्लीनिक पर छापा मार दिया। टीम जब वहां पर पहुंची तो क्लीनिक से चिकित्सक मौके से फरार था। चिकित्सक का सहायक नोसीखिया मौके पर मौजूद था। टीम ने भीतर बने एक कमरे में जाकर देखा तो वहां मशीन में चार बच्चे रखे हुए थे। एक शिशु के परिजन मौके मौजूद थे। जबके तीन नवजात शिशु के परिवार का कोई मौके पर मौजूद नहीं था। टीम ने जब मौके पर जांच पड़ताल की तो ओटी सील हुए अस्पताल का कोई शिशु वहां मौजूद नही था। सूचना मिलते ही शिशुओं के परिजन मौके पर पहुंच गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिशुओं को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिये गये गए तो तीन शिशुओं को उनके परिवार के लोग अन्य स्थानों पर ले गये। कई घंटों के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक को सील कर दिया गया। इस दौरान क्लीनिक के आसपास कई झोलाछाप चिकित्सकों ने अपने दूतों को स्थिति पर नजर रखने के लिए लगा रखा था।

# जमीयत के प्रदेश अध्यक्ष बने मुफ्ती अफ्फान

## लोगों ने दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शनिवार को जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश की चुनावी बैठक दारुल उलूम देवबंद में आयेजित हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने मुफ्ती मौहम्मद अफ्फान को जमियत का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। बताते चलें कि मुफ्ती अफ्फान मूल रूप से जनपद मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर के रहने वाले हैं तथा पिछले करीब 15 साल से शहर की जामा मस्जिद में दीनी खिदमात को अंजाम दे रहे हैं। वह इन दिनों सऊदी अरब उमराह करने गये हैं। आज रात को उनके वहां से लौटने की उम्मीद जतायी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष बनने की सूचना मिलते ही शहर के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने मुबारबाद देना शुरू कर दिया। मुफ्ती अफ्फान ने कहा कि जमीयत उलेमा ने हमेशा से ही देश व कौम की तरक्की के लिए काम किया है। इस जमात ने देश की आजादी के लिए भी अहम रोल अदा किया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

# बीआरएसएस उठा रहा किसानों की आवाज

## तीन अक्टूबर को दिल्ली में विशाल जनसभा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर हसनपुर के मैथिली गार्डन में श्भारत राष्ट्रीय सेवक संघ बीआरएसएस के तत्वावधान में देश के किसानों, नौजवानों, व्यापारियों और मजदूरों के उत्थान के लिए एक विशाल श्भारत स्वाभिमान यात्राश के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी लोगों ने हिस्सा लिया। घ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद नागर ने घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान के लिए 3 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान में एक विशाल बैठक के साथ ही भारत स्वाभिमान यात्राश का शंखनाद किया जायेगा। यह यात्रा देश के 12 जिलों में सैकड़ों गाँवों में रात्रि पड़ाव करते हुए आगे बढ़ेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को समझना और उनके उत्थान के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करना है। यह यात्रा 15 अक्टूबर को भारत-नेपाल के बॉर्डर पर जाकर समाप्त होगी। घ्बीआरएसएस की इस पहल को किसानों, नौजवानों और मजदूरों के हितों के लिए एक बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। बैठक में विक्रम सोलंकी, के. वर्मा, विशाखा त्यागी, राजेंद्र भाटी, छाया सागर, जॉनी, एल्विना, मंजू चौहान, मनोज दास जी, धीरज सिंह, अशोक कुमार, सतपाल सिंह, उदयवीर सिंह, अतीक अहमद, योगेंद्र सिंह, निजाम प्रधान, दीपक गुर्जर, सोनू सिंह, राजू चौहान, अमित चंद, दिनेश चंद, भोला पहलवान, उमेश मिश्रा, पवन सिंह, कविंद्र चौधरी, मिंकु चौधरी, टीकाराम सैनी, शीशपाल सिंह, राजीव त्यागी, इंदर सिंह, और अंकित बंसल समेत हजारों लोगों की मौजूद रही। बीआरएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर ने बैठक की अध्यक्षता की। जबकि संचालन सतपाल सिंह अध्यक्ष ने किया। मंच की व्यवस्था दीपक गुर्जर ने संभाली। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवकों को पारंपरिक पगड़ी (साफा) पहनाकर सम्मानित किया गया।

# विधवा के खाते से बीमे का पैसा उड़ाया

## पुलिस से की मामले की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी सुमन ने अपने पति की मृत्यु के बाद बीमा राशि दिलाने के नाम पर 4 लाख से अधिक की धोखाधड़ी होने की शिकायत पुलिस से की है। पीड़िता के पति की मृत्यु 25 अप्रैल 2024 को हो गई थी।और उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करा रखा था। सुमन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव शाहपुर कला निवासी एक युवक और शाहपुर कला प्रथमा बैंक मैनेजर ने मिलीभगत कर धोखे से उनका खाता फिनो पेमेंट्स बैंक में खुलवा दिया। इसके बाद उन्होंने खाते से यूपीआई में अपना मोबाइल नंबर जोड़कर धीरे-धीरे खाते से रकम निकालनी शुरू कर दी। पीड़िता को जब शक हुआ और उन्होंने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि दोनों ने मिलकर उनके खाते से चार लाख रुपये से अधिक की रकम हड़प ली है। जब सुमन ने दोनों से इस बारे में पूछा तो वे उसे गुमराह करने लगे और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। शनिवार को पीड़िता खाते का स्टेटमेंट लेकर कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। और जांच के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# अर्पित व राहिला ने जीती प्रतियोगिता

## आईएम इंटर कालेज में हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अर्पित यादव व सीनियर में राहिला यासमीन ने पहला स्थान प्राप्त किया।

आईएम इंटर कालेज में भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी थीम 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र थी। जूनियर वर्ग में कक्षा नौ से 12 तक जबकि सीनियर में स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर संवर्ग में आरके पब्लिक स्कूल के अर्पित यादव ने पहला, आले अहमद की अरशी ने दूसरा, शर्मा देवी की इकरा यासमीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में जेएस हिन्दू डिग्री कालेज की राहिला यासमीन ने पहला स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डा. शिव शंकर यादव, आलोक यादव, नरेन्द्रपाल सिंह, रहे। प्रधानाचार्य डा. जमशेद कमाल ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर रजा जहीर, हुसैन मौहम्मद, हसनैन नवाज, डा. मुनव्वर, मोहम्मद हैदर, कमाल मेंहदी आदि मौजूद रहे।

# दुकान से शराब चुराने वाले तीन दबोचे

## चोरी की 24 पेटियां बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सीओ सिटी शघक्ति सिंह ने बताया कि 20 सितंबर की रात अतरासी-हसनपुर रोड पर स्थित एक शराब की कंपोजिट दुकान में नकब लगाकर चोरों ने 65 पेटी शराब चोरी की थी। जिस दुकान को निशाना बनाया गया था वह अतरासी चौकी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर है। मामले में बुलंदशहर निवासी शकीला बेगम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

शनिवार को रजबपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान बिजनौर जिले के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव खंडसाल निवासी दिनेश, अंकित उर्फ अंकुल और कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा निवासी गोलू उर्फ आर्तिक के रूप में हुई। सीओ के मुताबिक आरोपी दिनेश की स्कॉर्पियो से विभिन्न ब्रांड की 24 पेटी शराब बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी दिनेश ने शराब की दुकान में चोरी करने की बात स्वीकार की है। बरामद शराब की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये है जबकि अंकित और गोलू के पास से 62 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

# माफियाओं ने आम के हरे पेड़ों पर चलाई कुल्हाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अंधेरे में आम के आधा दर्जन से अधिक आम के हरे भरे पेड़ों पर माफियाओं ने आरा चलाकर उन्हें काट दिया। वन विभाग को सूचना दे दी गई है।

शुक्रवार की रात गजरौला हसनपुर मार्ग पर रामपुर भूड़ गेट के समीप स्थित आम के बाग में माफियाओं ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए यहां से करीब आधा दर्जन के करीब लंबे चौड़े आम के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर उन्हें काट दिया। माफियाओं ने बेखौफ होकर आम के पेड़ों को काटा है। सुबह होने पर लोगों की नजर आम के कटे हुए पेड़ों पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। इस समय हसनपुर क्षेत्र के अंदर माफिया खास कर रात के अंधेरे में आम के हरे-भरे पेड़ों को काट रहे हैं। रात को पेड़ काटने का माफियाओं को एक फायदा और मिलता है कि उस समय वहां कोई पहुंच नहीं पता है। वह अपने काम को बड़े आराम के साथ अंजाम दे देते हैं। यदि इसी तरह हसनपुर क्षेत्र के अंदर आम के पेड़ों का कटान चलता रहा तो आने वाले समय में यहां की पहचान मिट जायेगी। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर वन विभाग के कर्मचारियों को भेजा गया है।

# दो सगे भाईयों को ले गया ई रिक्शा चालक

## परिजनों ने जंगल से बच्चों समेत दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घर के बाहर खेल रहे दो सगे भाइयों को नशेड़ी ई रिक्शा चालक लेकर चला गया। घंटों की मशक्कत के बाद परिजनों ने बच्चों व ई रिक्शा चालक को जंगल से पकड़ लिया।

शनिवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मनोज कुमार पुत्र संतराम के पुत्र दिमाग व हिमांशु अपने घर के बाहर खेल रहे थे। एक ई रिक्शा चालक वहां आया तथा बच्चों को अपनी ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ ले गया। घंटों तक जब बच्चे घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजन किसी अनहोनी की शंका होने से डरने लगे। परिजन ग्रामीणों के साथ बच्चों की तलाश में जुट गये। घंटों के बाद परिजनों ने जंगल से हिमांशु व दिमाग तथा ई-रिक्शा चालक को बरामद कर लिया। परिजन ग्रामीणों के साथ ई रिक्शा चालक को पकड़कर कोतवाली ले आये तथा उसको पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा चालक नशे में था। दिमाग को हिमांशु कम उम्र के बच्चे हैं।

## महिलाओं को आय बढ़ाने के दिये टिप्स



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** खंड विकास अधिकारी लोकचंद आनन्द ने कहा कि महिलाओं को ग्राम संगठन एवं सीएलएफ के साथ मिलकर आय बढ़ाने के लिए बड़े कार्य करने चाहिए। शुभम आजीविका महिला संकुल स्तरीय समिति की वार्षिक सभा का आयोजन बुढ़नपुर में किया गया। जिसका शुभारंभ खंड विकास अधिकारी लोकचंद आनन्द व एलडीएम यूके प्रजापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाएं सीसीएल व सीआईएल की धनराशि से पशुपालन कर अपनी आय बढ़ायें। इस मौके पर कुसुम देवी, हेमलता देवी, रीमा देवी, सुरक्षा सिंह, जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# जीएसटी छूट से सभी को लाभ और बचत होगी: तरारा



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा ने व्यापारियों से संवाद करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में गई छूट को लेकर चर्चा की। कहा कि जीएसटी घटने से व्यापारियों, उद्योगों के साथ साथ आम नागरिकों को भी लाभ पहुंचेगा और बचत होगी। शनिवार को बस्ती रोड पर स्थित सावित्री वस्त्र संगम पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि अब जीएसटी के 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करते हुए केवल 05 और 18 प्रतिशत के स्लैब को रखा गया है। जबकि अनेकों रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे खाना, दवाईयां, साबुन, टूथपेस्ट और अन्य कई सामान पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दिया गया है। भवन निर्माण सामग्री, वस्त्रों आदि पर भी छूट की गई है। वाहनों और बीमा पर भी छूट हुई है। जीएसटी बचत से किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग आदि सभी को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अमरीश बंसल, लक्ष्मीनारायण गर्ग, आकाश बंसल, निर्देश सिंघल, राहुल गर्ग, सतपाल चौहान, देवेन्द्र चौहान, प्रहलाद सिंह, वैभव गोयल, संजय चौहान, निहार त्यागी, सुशील सिद्ध, सतवीर सिंह, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।

**विधायक ने व्यापारियों से किया संवाद**

# मां स्कंदमाता से मांगी मनौतियां

## देवी मंडपों में रही भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नवरात्र पर भक्तों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। वह पूरी श्रद्धा व आस्था से माता का गुणगान कर रहे है। शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता का गुणगान किया। देवी मंडपों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी।

नवरात्र के पावन माह में भक्तों में भी अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। हर तरफ माता का गुणगान दिखाई दे रहा है। दिन की शुरूआत होते ही देवी मंडपों में माता के भजनों की गूंज सुनाई देनी लगती है। जिससे सारा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है। शनिवार को भक्तों द्वारा मां स्कंदमाता का गुणगान किया गया। भक्तों ने उपवास रखकर माता की आराधना की। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाली भी भीड़ लगनी शुरू हो गई थीं। बड़ों के साथ युवाओं में भी नवरात्र का उत्साह देखते ही बन रहा है। वह भी पूरी श्रद्धा से माता का गुणगान कर रहे है। सांय के समय माता के भक्तों ने उनके चित्र के सम्मुख दीपक जलाकर आरती उतारी तथा व्रत खोले। माता का प्रसाद का भोग लगाया गया। इस दौरान बज रही धार्मिक धुनों से सारा माहौल पूरी तरह भक्मिय हो गया।

# पूर्व विधायक पर हमला सोची समझी साजिश

## आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गजरौला की चेयरमैन पति पर हुए हमले से दलित समाज के में उबाल आ रहा है। जल्द हमलावर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

शनिवार को नगर के अंबेडकर पार्क पर अनुसूचित जाति समाज के व्यक्तियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने एक स्वर में पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। कहा कि इस मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द नहीं की गई तो अनुसूचित जाति महासभा 29 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा।



वरिष्ठ शिक्षक रामवीर सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक व चेयरपर्सन गजरौला हरपाल सिंह पर जो हमला हुआ है वह बहुत ही निंदनीय है। यह हमला सोची समझी रणनीति के तहत पूरे अनुसूचित समाज की आवाज को दबाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि समाज इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। कहा कि अगर इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएं।इस प्रकार की घटनाओं से समाज में असंतोष पनपता है। उन्होंने बताया कि अगर पुलिस प्रशासन द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं की जाती है तो आगामी 29 सितंबर को 3:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार गौतम, करणवीर सिंह, ब्रहमज्ञान, रोहताश उर्फ डब्लू भैय्या, मुकेश जाटव, जगवीर मौर्य, रूपराम सिंह, दिनेश सिंह, थान सिंह, सुरेश चंद्र, अशोक कुमार, चमनलाल, सुरेश सिंह, बबलू गौतम,फतेह चंद, संजीव कुमार, कपिल कुमार, राहुल कुमार,मुखराम सिह आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह ने की एवं संचालन वरिष्ठ शिक्षक जगवीर सिंह ने किया।

# पंचवटी प्रसंग व सीता हरण का मंचन



## कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शनिवार को श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव ने नगरवासियों को एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव दिया। अयोध्या से आए ब्रजकिशोर महाराज श्री किशोर आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने पंचवटी प्रसंग, सीता हरण और जटायु उद्धार का भव्य मंचन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन में कलाकारों की जीवंत अभिव्यक्ति और नाट्य कौशल ने भगवान राम के जीवन की कथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। दर्शक हर क्षण में भावनाओं के विभिन्न रंगों का आनंद लेते रहे और मंच पर हो रहे नाट्य प्रदर्शन की तालियों और जयकारों से उत्साह व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह और पारस सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने कहा कि रामलीला महोत्सव का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक शिक्षा देना है, बल्कि युवाओं और समाज को नैतिक और धार्मिक मूल्यों से जोड़ना भी है। मंचन में कलाकारों की नाटकीय प्रस्तुति ने हर आयु वर्ग के दर्शकों को आनंदित किया और भगवान राम की कथा को आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया। नगरवासियों ने आयोजकों और कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव हर वर्ष बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है और धार्मिक भावनाओं को जीवंत बनाए रखता है।

# पीड़ित महिलाओं को तुरंत मिले सहायता

## डीएम-एसपी ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को तुरंत सहायत मुहैया कराई जाये।

शनिवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने जिला अस्पताल स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि सेंटर पर आने वाली पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को तुरंत मद्द दी जाये। यहां से कोई भी पीड़िता बिना मद्द के वापस नहीं जानी चाहिये। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों का रखरखाव, सुरक्षा



व्यवस्था, स्वच्छता और स्टाफ की उपस्थिति वाले रजिस्टर पर भी नजर डाली। उन्होंने यहां से संबंधित सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए कानूनी व चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि सेंटर की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होन चाहिये। किसी भी घटना से बचने के लिये यहां लगे कैमरे सुचारू रूप से काम करें। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि वह हमेशा अलर्ट रहे। इस दौरान पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि समाज में अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने से ही उत्पीड़न पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।

## टेबलेट पाकर खिले छात्रों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। भागीरथी देवी महाविद्यालय में शनिवार को प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत भव्य टैबलेट वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनौरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजीव तरारा रहे। उन्होंने मां सरस्वती व मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने छात्रों से अपील की कि वे टैबलेट का उपयोग केवल ज्ञानार्जन और सकारात्मक कार्यों में करें। इस मौके पर महाविद्यालय अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, रविंद्र कुमार अग्रवाल, मौजूद रहे।

## मन्तशा महिला थाना प्रभारी व अनुष्का बनीं बीईओ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मिशन शक्ति फैज-5 के अर्न्तगत शनिवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित संविलियन विद्यालय की कक्षा 07 की छात्रा मन्तशा को एक घण्टे के लिये महिला थाने का प्रभारी बनाया गया। वहीं नगर के बस्ती स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संविलियन विद्यालय की ही कक्षा 08 की छात्रा अनुष्का को खण्ड शिक्षा अधिकारी( बीईओ ) बनाया गया। इस दौरान बीईओ आरती गुप्ता ने छात्रा का स्वागत किया। अनुष्का ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्याओं को सुना और छात्र-छात्राओं को बेहतर पढ़ाई कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर संविलियन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा रानी, कन्या जू हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका अनीता पाल, कमल शर्मा, रणवीर यादव, नफीस अहमद, सुभाष, आदेश कुमार, विजयवीर यादव, संगीता सिद्धू , उमेश सिद्धू, अजय सिद्धू आदि मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन के दौरान गूंजी शहनाई

## कमेटी ने कराया गरीब कन्या का विवाह, भावुक हुए दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी**। रामलीला में इस बार कुछ अलग और ऐतिहासिक देखने को मिला। रामलीला मंचन के अंतर्गत कन्यादान की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान गांव के ही एक साधारण परिवार की बेटी का विवाह रामलीला मंच पर बड़े ही धार्मिक और मर्यादित ढंग से संपन्न हुआ। मंच पर राम-सीता की झांकी सजाई गई थी और उसी माहौल में वर व वधू दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद दोनों पक्षों के माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। यह दृश्य देखते ही पूरा रामलीला मैदान भावुकता और खुशी से गूंज उठा। हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक इस अद्भुत कन्यादान के साक्षी बने। माहौल इतना भव्य था कि मानो पूरी रामलीला अपनी



परंपरा से निकलकर गांव की सामाजिक जिम्मेदारी निभाने में शामिल हो गई हो। शादी की सभी रस्में पूरी मर्यादा और धार्मिक विधि-विधान से सम्पन्न की गईं। बारात संभल जिले के हयातनगर थाना के गांव सेंजना निवासी राजेश की आयी थी। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर त्यागी और प्रबंधक राजेश शर्मा मंच पर पहुंचे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। दोनों ने वर-वधू के उज्जवल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक विवाह नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा है। गौरतलब है कि ढबारसी में पिछले 62 वर्षों से रामलीला का मंचन धूमधाम से होता आ रहा है। लेकिन इस बार की रामलीला अपने आप में ऐतिहासिक बन गई। पहली बार किसी बेटी का विवाह रामलीला के मंच पर राम सीता स्वयंवर मंचन की लीला के दिन कराया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर त्यागी ने इस अनोखी पहल की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली। उन्होंने निर्णय लिया कि जब मंच पर कन्यादान की लीला होगी, उसी समय गांव की बेटी का कन्यादान कर समाज को एक दाम्पत्य जीवन की शुरुआत होगी। दर्शकों ने फूल बरसाकर नवविवाहित जोड़े का स्वागत किया। कमेटी के सदस्य और गांववासियों ने विवाह को अपने-अपने स्तर पर सहयोग देकर इस पहल को सफल बनाया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के संरक्षक निशापति शर्मा, नवीन चतुर्वेदी, प्रमोद त्यागी मौजूद रहे।

## स्वच्छता के संदेश को लेकर निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार को पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी के छात्र-छात्राओं ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर सेवा पर्व के अवसर पर रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों ने रैली के दौरान जोशीले नारे लगाकर ग्रामीणों को समझाया कि वे अपने घर, परिवेश को स्वच्छ रखें, क्योंकि स्वच्छता हमारे अच्छे स्वास्थ्य

### स्वच्छता अच्छे स्वास्थय के लिये सहायक

के लिये बहुत उपयोगी है। इस मौके पर वन विभाग से उपनिरीक्षक राकेश कुमार, संतोष कुमार, रणवीर सिंह, शाह आलम, खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता तथा प्रधानाध्यापक जोगेन्द्र सिंह सहित स्टॉफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक से मारपीट के आरोपी हों गिरफ्तार

## जिला जाटव महासभा एवं अंबेडकर युवक संघ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** शनिवार को जिला जाटव महासभा एवं अंबेडकर युवक संघ की संयुक्त बैठक डॉ0 भीमराव अंबेडकर पार्क चौपला गजरौला में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए परमेश्वरी लाल ने कहा की पूर्व विधायक एवं गजरौला नगर पालिका की चेयरपर्सन राजेंद्र देवी उर्फ उमा देवी के पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह के साथ नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया है, जिसकी जाटव समाज इसकी घोर निंदा करता है।

वक्ताओं ने कहा कि दोनों संगठन प्रशासन से मांग करते हैं कि घटना में शामिल आरोपियों को अति शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए, यदि 03 दिन के अंदर गिरफ्तारी नहीं होती है तो 29 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जिला जाटव महाससभा इंजी0 विजय प्रताप सिंह, रविराज बौद्ध, मुकेश कुमार, अत्तरपाल सिंह, पीतम सिंह, अमरीक सिंह उर्फ डब्बू, किरनपाल सिंह, राजेश कुमार, योगेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, अशोक कुमार, सुरेंद्रपाल सिंह, करन सिंह, पृथ्वी सिंह, जयवीर सिंह, लखपत सिंह, विजयपाल मौर्य, संजय कुमार, गुलाब सिंह, चेतराम सिंह, दयाराम गौतम, रामअवतार सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजेश कुमार, केपी सिंघानिया, एड0 रोहताश सिंह, एड0 योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिकायतों का मौक पर जाकर करें निस्तारण

## डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलेभर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अफसरों के साथ थाना प्रभारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद ने थाना अमरोहा देहात पहुंचकर शिकायतें सुनीं और कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान कर दिया जबकि अन्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। भूमि पर अवैध कब्जा, पैमाईश, मारपीट आदि से संबंधित शिकायतों को लेकर भी निर्देशित किया। कहा कि जमीनी विवादों की शिकायतों का पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। ध्यान रहे कि शिकायत की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार समेत थाना स्टाफ मौजूद रहा। उधर, शहर व डिडौली कोतवाली, थाना नौगावां सादात, हसनपुर, रहरा, सैदनगली, आदमपुर, गजरौला, मंडी धनौरा, बछरायू में भी पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायतों को सुना तथा अधीनस्थों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# भरत ने श्री राम के खड़ाऊ लाकर सिंहासन पर रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** स्व0 रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क बस्ती में आयोजित हो रहे 98 वें श्री रामलीला महोत्सव के मंचन में श्री राम निषादराज से मिलते हैं, निषादराज श्री राम, लक्ष्मण, सीता को गंगा पार कराते हैं। उधर सुमंत जी अयोध्या वापिस आकर दशरथ जी को राम के वन गमन का समाचार सुनाते हैं जिसे सुनकर राजा दशरथ राम के वियोग में प्राण त्याग देते हैं और अयोध्या नगरी गम में डूब जाती है। तब भरत जी को ननिहाल से बुलाया जाता है वापिस आने पर जब पिता के मरने और राम, लक्ष्मण, सीता के वन जाने का समाचार सुन बहुत दुखी होते हैं और कैकई को बहुत बुरा कहते हैं। माता कोशल्या और सुमित्रा से मिल गुरु वशिष्ठ से आज्ञा लेकर भाई शत्रुघ्न और परिवार व समस्त पुरजन के साथ राम को वापिस लाने के लिए चल देते हैं। वनों में जाकर राम और भरत का मिलन



होता है , भरत जी श्री राम से वापिस चलकर अयोध्या का राज्य संभालने के लिए बहुत विनय करते हैं, परंतु राम जी रघुकुल की रीति का ध्यान दिलाकर वापिस लोटने को मना करते हैं, तब भरत उनकी खड़ाऊ लेकर वापिस आकर सिंहासन पर विराजमान कर प्रजा का पालन करते हैं और श्री राम से 14 वर्ष के बाद अयोध्या वापिस आकर राजा बनने का वचन लेते हैं। लीला का मंचन श्री आदर्श गोविन्द बिहारी रामलीला रासलीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, महामंत्री विपिन कौशिक, प्रबंधक डा. आशुतोष भूषण शर्मा,उपाध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष डा. निरंजन प्रसाद गर्ग, जनार्दन कौशिक, प्रमोद सिंघल, संजीव सिंघल, सुबोध सिंघल, गौरव गोयल, राहुल गोयल, अजय सिंघल,देवेश शर्मा, प्रेमशंकर गर्ग, संजय सिंघल,पंकज कौशिक, यश अग्रवाल,कनिष्क भूषण शर्मा, सुरेश चंद्र, ईशान अग्रवाल,नितिन बंसल, ललित पाठक,आकाश बंसल, ग्रीस विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे

# आरएसएस के पथ संचलन का विवाद सुलटा

## नौगांवा तगा में दो पक्षों में था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। एसडीएम व सीओ ने दोनों पक्षों से वार्ता कर आरएसएस के पथ संचलन का विवाद सुलटा दिया। क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज पथ संचलन निकाला जाना है। जिसे गांव नौगावां तगा से होकर भी गुजरना है लेकिन इसके रूट को लेकर उस वक्त विवाद की स्थिति बन गई थी जब गांव नौगावां तगा में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग पथ संचलन के विरोध में उतर आए थे। दरअसल, कुछ साल पहले गांव में ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस का हिन्दू समुदाय के लोगों ने विरोध किया था। इसके बाद प्रशासन ने गांव में जुलूस निकालने पर रोक लगा दी थी। तभी से दोनों समुदाय के बीच गांव में तनातनी की स्थिति बनी रहती है। अब जब गांव से पथ संचलन गुजरने की चर्चाएं शुरू हुईं तो पुराने इसी मुद्दे को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग खुलकर विरोध में उतर आए। एतराज सामने आने के बाद पुलिस-प्रशासनिक



अफसर हलकान थे। आज एसडीएम सुनीता सिंह, सीओ अवधभान भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गांव पहुंचे। दोनों समुदाय के लोगों से अलग-अलग वार्ता की और बाद में एक साथ बैठाकर समझौता करा दिया।

# छात्र को पीटने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्राईवेट इण्टर कॉलेज में छात्रों को लाने ले जाने का काम करने वाले युवक ने एक छात्र को पीटकर घायल कर दिया, इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर उर्फ साहबपुर निवासी कपिल कुमार जनता इण्टर कॉलेज कुमराला में कक्षा 11 का छात्र है। 26

### तिगरी रोड स्थित कॉलेज में हुई थी घटना

सितम्बर को वह स्कूल गया था, आरोप है कि पिन्टू नामक युवक जो स्कूल के बच्चों को लाने व ले जाने का काम करता है, उसने कपिल के साथ मारपीट करके घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल का मेडिकल सीएचसी में कराया गया। घायल छात्र के भाई संजीव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मुम्बई जा रहे दो युवक को पीटा

**गजरौला।** 22 सितम्बर को समीर पुत्र नसीम निवासी ग्राम शेरपुर थाना मण्डी धनौरा यासीन पुत्र तसलीम व निसार पुत्र रिफाकत के साथ मुम्बई काम करने जा रहा था। जब वह गजरौला में होटल प्लॉजा के पास पहुंचा तो फरहान पुत्र शहजाद निवासी शेरपुर ने अपने मामा सुएब निवासी ग्राम चुचैला कलांत व चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और मारपीट करके घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन

**जोया।** श्री धार्मिक रामलीला में अहिल्या उद्धार व राम बनवास का मंचन किया गया। पतेई खालसा तथा इकोंदा गांव में दर्शकों को भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का जीवंत मंचन देखने को मिला, वहीं डिडौली में अहिल्या उद्धार की लीला का आकर्षक मंचन कर भक्तों को भावविभोर कर दिया गया।राम वनवास प्रसंग में कैकेयी द्वारा दिए गए वरदान और राजा दशरथ की असहाय पीड़ा का भावपूर्ण चित्रण किया गया। डिडौली में प्रस्तुत अहिल्या उद्धार प्रसंग में भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श से अहिल्या का शापमुक्त होना अद्भुत प्रभाव छोड़ गया। पतेई खालसा में कमेटी अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, संरक्षक चेतेन्द्र सिंह, संयोजक बिजेंद्र सिंह चौहान,डा नत्थू सिंह भारती,विजय सैनी, योगेन्द्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुभाष चौहान, विजय वर्मा, तथा इकोंदा में समिति अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान मुन्नू सिंह,विनीत कुमार विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह,अरबिंद गुप्ता, बलवीर सिंह सैनी, उमेश पाल,करन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खनन की खबर छापने पर पत्रकार के साथ हुई मारपीट

## पत्रकार पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर हवालात में डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उझानी। कस्बा के मोहल्ला अहीर टोला निवासी अंकित चौहान एक अखाबार में पत्रकार है। जिन्होंने उझानी में रात दिन चल रहे अबैध खनन की खबर प्रमुखता से छाप दी थी जिसकी बजह से खनन कराने बाले सिपाही कादिर और उमेश नारज हो गये अंकित चौहान को फोन करके थाने आने को कहा कि कोत. बाल साहब बुला रहे हैं। जब अंकित चौहान सिपाहियों के बुलाने पर थाने पहुंचे तो कोतबाल ने यह कहते हुए धमकाया कि यह खनन की खबर मत छापों नहीं तो झूठे मुकदमें में जेल जाओगे तभी पत्रकार अंकित चौहान थाने से चुपचाप चले वहीं खनन की खबर छपने पर पुलिस ने खनन करते दो ट्रेक्टर वह एक जे सी बी भी पकड़ ली जिसे सीज कर दिया गया । वहीं वृहस्पतिवार क्यो रात आठ बजे एक एक्सीडेंट की जानकारी करने पत्रकार अंकित चौहान कस्बे के बरी बाईपास पर गये थे जहाँ एक युवक घायल था जिसको डॉक्टर के यहाँ भेज दिया वहीं घायल के साथ आये राजा नामक युवक ने अंकित चौहान को गाली गलोच कर दिया जब विरोध किया तो राजा ने मारपीट कर दी जहाँ अपने बचाव में अंकीत चौहान ने भी अपने बचाव में भागने की कोशिश की तभी मौके पर सिपाही कादिर और उमेश पहुंच गए।

जो खनन की खबर छापने से नाराज थे जिन्होने अंकित चौहान को पकडकर थाने ले आये और बोले आज तेरी पत्रकारी निकाल देंगे तूने खनन की बहुत खबर छापी हैँ जहाँ थाने में लेकर पहुंचे तो कोतबाल ने अंकित चौहान का गला द्वाते हुए ।

मुहूं पर थप्पड़ से मारपीट शुरु कर दी जिससे अंकित चौहान जमीन पर गिरा पड़े वहीं पास में खड़े दोनो सिपाहियों ने भी लात घूँसों से मारपीट कर घायल कर दिया और थाने की हवालात में डाल दिया और अंकित चौहान के खिलाफ दो फर्जी मुकदममें लिख दिये जब यह जानकारी पत्रकारों को हुई तो दर्जनों पत्रकार उझानी थाने पहुंच गये और पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर अंकित चौहान को थाने से जमानत पर रिहा कराया उसके बाद दो दर्जन से अधिक पत्रकार अंकित चौहान के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे।

मारपीट करने बाले राजा वह खनन कराने वाले सिपाही कादिर और उमेश के खिलाफ शिकायती पत्र के साथ मुलाकात कर सिपाहियों के खिलाफ कार्यबाही की मांग की है वहीं पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को सिपाहियों के खिलाफ जांच सी ओ उझानी से कराकर कार्यबाही का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पत्रकार संजीव पटेल प्रवेश राठौर सुमित मल्होत्रा मुकेश यादव, अतुल पटेल, उदय प्रताप,रंजीत गुप्ता, सुनील गुप्ता,तेजेंद्र सागर, अजीत शर्मा,जगत पाल, संदीप तोमर, सुनील कश्यप,टिंकू सिंह, अवनी माहेश्वरी, समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# विद्युत बिल भुगतान नहीं करने पर 25 घरों की बत्ती गुल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान के दौरान 25 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटकर 1.85 लाख रुपये की वसूली की। अभियान उप खण्ड अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। शनिवार को नगर के होली चौक स्थित लेडीज मार्केट में बिजली चोरी और बकाया बिलों की जांच की गई। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि शनिवार को विद्युत बिल बकाया राशि वसूली अभियान में टीम द्वारा 18 विद्युत मीटर डिस्मेंटल किए और 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। वहीं 10 उपभोक्ताओं के द्वारा मौके पर बकाया विद्युत बिल जमा किया गया। इसी के साथ 6 विद्युत बकायादारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई जा रही है।अमित कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी प्रतिदिन मॉर्निंग रेड और मेगा ड्राइव के रूप में जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वह विच्छेदन तिथि से पूर्व अपना बकाया बिल जमा कर दें और बिजली चोरी से परहेज करें। इस दौरान अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी, कमलेश कुमार, संगम चौहान, नेत्रपाल, अनिल यादव, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# योजनाओं की जानकारी उपलब्धियां देखकर व्यक्त की प्रसन्नता

**कामिल खान,शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** बदायूं क्लब बदायूं में संचा. लित प्रदर्शनी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शनिवार को महर्षि विद्या मंदिर बदायूं व अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसे सराहा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का व्यक्तित्व व कृतित्व अनुकरणीय व प्रेरणादायक है। केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं आमजन के हितार्थ संचालित हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के जीवन के संघर्षों, उपलब्धियों व विजन आदि को बहुत ही भव्य रूप से प्रदर्शित किया गया है वहीं दूसरी ओर केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी सहज व सुलभ ढंग से प्रदर्शित की गई है। महर्षि विद्या मंदिर व अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अध्यापकों ने आगंतुक पुस्तिका में अपने टिप्पणी में इस प्रकार की और प्रदर्शनियां भविष्य में लगाए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के जीवन के बारे में कई रोचक व महत्वपूर्ण जानकारियां मिली साथ ही योजनाओं की जानकारी भी मिली। कहा कि सरकार योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा रही है। योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी ताकि वह भी आगे आकर उसका लाभ ले सके व अपना आर्थिक व सामा. जिक उत्थान कर सकें। प्रदर्शनी में विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संबंध में बारकोड स्कैनर की व्यवस्था भी की गई है ताकि आमजन अपने सुझाव सरकार तक पहुंचा सके। अच्छे सुझाव देने वालों को सरकार की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा। प्रदर्शनी आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक प्रात: 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक संचालित रहेगी।

# सरकार आमजन के हितार्थ कर रही कार्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक विभिन्न योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों व उपलब्धियो से संबंधित सूचना और जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा प्रकाशित प्रचार साहित्य का शनिवार को जिला सूचना कार्यालय बदायूं के कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट में वितरण किया गया। सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार साहित्य में विभिन्न योजनाओं की जानकारी व प्रगति दी गई है। इसके अतिरिक्त बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी से संबंधित प्रचार साहित्य वितरित किया गया तथा अन्य प्रचार साहित्य भी वितरित किया गया। प्रचार साहित्य प्रकार आमजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के हितार्थ अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रचार साहित्य के माध्यम से वह भी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ लेंगे तथा अन्य को भी उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। प्रचार साहित्य वितरण के दौरान जिला सूचना कार्यालय के अमर सिंह, महेंद्र सिंह, सोमेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों और विद्यार्थियों को दिलाई गई तंबाकू न खाने की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई- बसई में शतम्बाकू मुक्त युवा अभियानश कार्यक्रम के तहत सभी छात्र-छात्राओं को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम दास ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियां हो रही हैं, इसलिए तम्बाकू उत्पादों के प्रति जन जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। वरिष्ठ प्रवक्ता रामाधार शर्मा ने कहा की युवा पीढ़ी द्वारा चबाने वाला तम्बाकू अत्यधिक उपयोग में लाया जा रहा है, जो की बहुत चिंतनीय है। इसके लिए समाज के हर व्यक्ति को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराकर इनसे दूर रहने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी हरदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर सुधाकर शर्मा, प्रकाशवीर, विषवेश पाठक, विपिन शर्मा, मनोज कुमार, अंकित सिंह, आनन्द सिंह, रऊफ अहमद, कामेन्द्र सिंह, राकेश कुमार शर्मा, रेनू, शिवानी, साक्षी, अंशिका, अमित पाराशरी, आशीष आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन संस्था के रेडक्रॉस प्रभारी हरदीप सिंह ने किया।

## एक नजर

### आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में कैंप लगाकर जांची गई विद्यार्थियों की आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों की आंखों की जांच की। शनिवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ डा. नितिन पाराशरी एवं विद्यालय के निदेशक देवरत्न वार्ष्णेय द्वारा किया गया। डा. नितिन पाराशरी ने कहा कि आंखों में कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं। समय रहते जांच नहीं करवाई, तो छोटी सी बीमारी गंभीर बन सकती है।



विद्यालय के निदेशक देवरत्न वार्ष्णेय ने कहा कि मोबाइल के ज्यादा दुरुपयोग से बच्चों की आंखों पर असर पड़ता है, जिससे अनेक बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सचिन अग्रवाल, प्रशासक नीरज पाराशरी, प्रधानाचार्या पूर्वा रंजन, कोऑर्डिनेटर मंजेश कुमार, निधि गुप्ता, पूर्वी, अर्चना, आशा, ज्ञान प्रकाश, संजीव, प्रीति दीप, सुखदेव, प्रियंका, मनोज आदि अध्यापक मौजूद रहे।

**विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 74649466 37 |

# रुदायन सीएचसी में भव्य रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रुदायन में शनिवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता और समाजसेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से बृजपाल, मयंक गुप्ता, योगेश गिरि, अंकुर चौहान, अवधेश कुमार, नेत्रपाल मौर्य, सुमित गुप्ता, नवीन गुप्ता एवं अनुज जौहरी शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं ने जीवन बचाने का संकल्प लेकर समाज को प्रेरणा दी इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ललतेश ठाकुर, मंडल महामंत्री मनोज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष रजनी गुप्ता, अजीत राघव, मंडल मंत्री विजय मोदी एवं जगदीश प्रजापति मौजूद रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया मंडल अध्यक्ष ललतेश ठाकुर ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है और समाज में सहयोग की भावना मजबूत होती है। रक्तदान शिविर की सफलता पर क्षेत्रवासियों ने आयोजकों व रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाजहित के लिए प्रेरणादायी हैं।

# बदायूं पुलिस के थाना वजीरगंज को मिला IGRS में पहला स्थान: थाने ने किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** जनसुनवाई के लिये एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) के पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के मामले में उत्तर प्रदेश के सभी थानों में बदायूं जनपद का थाना वजीरगंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बदायूं में आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में जारी तीन माह की रैंकिंग में बदायूं पुलिस के थाना प्रभारी वजीरगंज इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। बदायूं एसएसपी ने सभी थाना इंचार्ज को बधाई दी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह की सख्ती और काम करने के तरीके का असर धरातल पर दिखने लगा है।बदायूं की खाकी ने पूरे प्रदेश में टॉप कर दिया। यह यह उत्कर्ष कार्य है, माह की रैंकिंग जारी हुई तो बदायूं की खाकी ने पूरे प्रदेश में टॉप कर दिया।जनसुनवाई के इस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण की प्रत्येक माह शासन स्तर पर समीक्षा होती है। आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक लेते हुए पीड़ित संतुष्ट है या असंतुष्ट के शासन के मानकों के हिसाब से समीक्षा होती है ।

जिसमे बदायूं के वजीरगंज थाना ने प्रदेश में प्रथम रैंक हासिल की है। हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता करने पर एसएसपी बदायूं डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि हर माह शासन के स्तर से रैंकिंग जारी होती है। तीन माह की रैंकिंग में बदायूं के वजीरगंज थाना पहले स्थान पर आया है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर आने से पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर पुलिसिंग देना ही उनकी प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही हम वजी. रगंज थाना प्रभारी को बधाई देते हैं और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया है। एसएसपी बदायूं डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने इस उपलब्धि के लिये थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की मेहनत को सराहा। वही कई भाजपा पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता संभ्रांत व्यक्ति व समाजसेवियों द्वारा थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह को ईश्वर की प्रतिमा देते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित करते दिखे।

# डीएम अवनीश राय ने सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को थाना वजीरगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर भूमि विवाद आदि से संबंधित 04 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें। गणमान्य लोगों व प्रबुद्धजनों के संपर्क में रहे तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्चाधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके।डीएम ने प्राप्त भूमि विवाद आदि प्रकृति से संबंधित 04 शिकायती पत्रों के गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि व राजस्व विवाद से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण शिकायत कर्ता के सामने किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीबी स्कूल के बच्चों ने डांडिया नृत्य कर दर्शकों का मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के मनमोहक भाव, लयबद्ध कदम और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रस्तुति मेघा मैम, सिम्मी मैम और मुस्कान मैम के मार्गदर्शन में हुई। गतिविधि प्रभारी शारदा बवेजा रहीं। कार्यक्रम की सराहना स्कूल के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्राचार्या मीनू बत्रा ने की। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। नृत्य में प्रतिभागियों में नंदिनी, प्रिया, आस्त्र, अनन्या, रोहिणी, अंशिका, इशानी, आराध्या, पल्लवी सक्सेना, पल्लवी चौहान और अनिका ने "ढोलिया ढोल रे" और "चोघड़ा तारा" जैसे लोकप्रिय गरबा गीतों पर धमाकेदार प्रस्तुति दी।आयोजन में नवरात्रि के पारंपरिक नृत्यों के साथ विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और त्यौहारों की रंगीन छटा को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया।

# दोस्त पुलिस: छात्राओं ने किया दातागंज कोतवाली का भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** दिन शनिवार को कोतवाली दातागंज के इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई के नेतृत्व में आयोजित श्दोस्त पुलिसश कार्यक्रम में दर्जनों छात्राओं ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस और छात्राओं के बीच की दूरी को खत्म करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने एक दोस्त की तरह छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने न केवल महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस की दिनचर्या के बारे में भी जाना, जिससे उन्हें पुलिस के काम की बेहतर समझ मिली। कोतवाली दातागंज के इंस्पेक्टर गौरव बिश्नोई ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि यह आदत भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में बहुत काम आएगी, क्योंकि इससे देश और दुनिया की घटनाओं की जानकारी मिलती रहती है। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया के सही इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग बहुत सावधानी से करना चाहिए ताकि वह किसी भी तरह के खतरे से बच सकें। इंस्पेक्टर दातागंज गौरव बिश्नोई ने कहा हमारा मकसद है कि मिशन शक्ति के जरिए हमारा नारी समाज जागरूक होकर बलवान बने। यही छात्राएं लोगों को बताएंगी कि पुलिस सभी की कितनी मदद करती है। कैसे कार्य करती है, हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओ को अपने पुलिस स्टेशन की कार्यशैली समझाई, जिसमें उसे विभिन्न विभागों के काम दिखाए गए और पुलिस अधिकारी कैसे काम करते हैं, इसकी जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं ने भी पुलिसिंग से संबंधित अपनी बातें साझा कीं, जिससे उसे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिली। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि कैसे पुलिस के विभिन्न अधिकारी मिलकर आपराधिक गतिविधियों को रोकने, अपराधियों को पकड़ने और सबूत इकट्ठा करने का काम करते हैं, छात्रा को यह भी समझाया गया कि कैसे लोग अपराध की सूचना मौखिक या लिखित रूप में थाने में दे सकते हैं और अधिकारी शिकायतों पर कैसे कार्रवाई करते हैं। छात्रा को पुलिस स्टेशन के अंदरूनी हिस्सों में ले जाकर वहां की व्यवस्था दिखाई। स्टेशन के विभिन्न विभागों और उनमें होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कैम्प का बिसौली कोतवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बिसौली।** तहसील के अंतर्गत गांव जलालपुर में ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) ने नि:शुल्क नेत्र शिविर कैंप का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन बिसौली कोतवाल श्री हरेंद्र सिंह तथा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विसौली सुनील सिह ने फीता काटकर किया। आईरा संगठन के तहसील अध्यक्ष राहुल गुप्ता व उपाध्यक्ष जतिन ठाकुर ने कोतवाल हरेंद्र सिंह का तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष ठा सुनील सिंह का फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। वही मुख्य अतिथि विसौली कोतवाल हरेन्द्र सिह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है ऐसे शिविरो से गरीबों की सेवा करने का मौका मिलता है गरीव जरूरत मंदो की सेवा करना ही समाज सेवा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ठा सुनील सिह ने कहा कि आईरा संगठन के द्वारा गांव जलालपुर मे निशुल्क आंखों की जांच तथा दवा का शिविर लगाकर वहुत ही सराहनीय काम किया है। समाज में रहकर गरीबों की सेवा करने से अत्यंत सुख की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में आईरा जिला अध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह ने कहा कि हमारा हमारा संगठन पत्रकारों के साथ-साथ आम जनता को लाभान्वित करने के लिए कार्य कर रहा है,उसी क्रम में आज हमने गांव जलालपुर में निशुल्क नेत्र शिविर लगाया है और ऐसे ही बिसौली तहसील के अन्य गांवों में भी लगाएंगे, जिससे आम जनता को सीधा फायदा पहुंचेगा, हमारे संगठन के सक्रिय तहसील अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने यह पहल शुरू की है हम सब मिलकर इसको आगे भी करेंगे। शिविर मे करीव 116 रोगियो की आंखों का चेकअप करके निशुल्क दवाइयों दी गयी तथा डाक्टर ने सावधानी वर्तने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में डॉक्टर दिलीप वार्ष्णेय (डायरेक्टर वाला जी आई केयर सेंटर वजीरगंज) सौरभ मिश्रा प्रोटेक रेमेडीज कंपनी प्रतिनिधि, कोतवाल हरेन्द्र सिह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विसौली ठा सुनील सिह समाजसेवी अभिषेक शर्मा आईरा जिला अध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह,बिसौली तहसील राहुल गुप्ता, जतिन ठाकुर,राहुल शाक्य, ज्ञान सिंह यादव , धीरेश सिह रंजीत सिह भोजपाल सिंह,ठाकुर सुनील सिंह, सत्यभान सिंह, पाल सिंह,मुख्तयार सिंह, सुधीर शर्मा, राजकपूर शर्मा, इंद्रपाल यादव ,श्याम सिंह यादव,पुष्पेंद्र सिंह,धीरपाल यादव, ख्यालीराम यादव,बनवारी लाल यादव,महिलाल मौर्य,इंदल मौर्य तथा डाक्टरो का स्टाफ मौजूद रहा।

# बरेली में बवाल पर पुलिस का बड़ा एक्शन

- मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोग गिरफ्तार
- 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान और अन्य सात शरारती तत्वों को शुक्रवार को नमाज के बाद हुई हिंसक झड़पों की कथित साजिश रचने के आरोप में शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही रविवार तक जिले में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी।

शनिवार को बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने संयुक्त प्रेसवार्ता में बताया कि बरेली में बवाल के मुख्य साजिशकर्ता मौलाना तौकीर रजा समेत आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने तौकीर रजा खान पर शुक्रवार को अपने भड़काऊ भाषण से हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। एसएसपी ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा खान के उकसावे पर युवाओं की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी, जिससे खलील तिराहा से लेकर इस्लामिया मैदान तक अराज. कता का माहौल बन गया। तौकीर रजा खान के साथ गिरफ्तार और जेल भेजे गए सात अन्य लोगों में सरफराज, मनीफुद्दीन, अजीम अहमद, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद आमिर, रेहान और मोहम्मद सरफराज शामिल हैं। न्यायिक हिरासत में भेजे गए आठ लोगों के अलावा, पुलिस ने पूछताछ के लिए लगभग 36 और कथित उपद्रवियों को हिरासत में लिया है।

घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। एसएसपी ने दावा किया कि मौलाना तौकीर रजा खान शुक्रवार से ही निगरानी में थे। मौलाना तौकीर रजा खान ने कथित तौर पर शुक्रवार की रात पार्टी नेता और अपने दोस्त फरहत के घर पर बिताई, जबकि उनके समर्थकों को बताया गया कि वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक (यातायात) अकमल खान के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने मौलाना तौकीर रजा खान को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। शनिवार सुबह उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया और बाद में जेल भेज दिया गया। तौकीर रजा खान दो दशकों से ज्यादा समय से राजनी. तिक रूप से सक्रिय हैं और बरेली और आसपास के जिलों में उनका कुछ प्रभाव है। तौकीर रजा खान सुन्नी इस्लाम के बरेलवी संप्रदाय के संस्थापक हैं। पहले भी उन पर कई विवादित मामलों में पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। इसके पहले एसएसपी अनुराग आर्य ने मीडिया को बताया था कि तौकीर रजा खान को हिरासत में ले लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरेली में स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

पुलिस हिरासत में लिए जाने से पहले मौलाना तौकीर रजा खान ने शुक्रवार रात एक वीडियो बयान जारी किया, जिसमें बरेली में हुई झड़पों से संबंधित आधिकारिक बयानों का खंडन किया और आरोप लगाया गया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह अपने समर्थकों को संबोधित नहीं कर पा रहे हैं। बरेली में शुक्रवार को सुबह उस समय हिंसा भड़क उठी, जब नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में भारी भीड़ जमा हो गई। अपने वीडियो में मौलाना तौकीर रजा खान ने प्रदर्शन में शामिल हुए लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, "...इसमें भाग लेने वाले नौजवानों को मैं बधाई देता हूं।" उन्होंने नमाज के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुसलमानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को एक पत्र सौंपने की अपनी योजना का जिक्र करते हुए अफसोस जाहिर किया। उन्होंने आरोप लगाया मेरे फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल किया गया और एक झूठा बयान प्रकाशित किया गया। तौकीर रजा खान ने कहा कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उनके घर उस समय पहुंचे, जब वह नमाज के लिए निकलने वाले थे और पुलिस बल बुलाकर उन्हें नजरबंद कर दिया।

उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया, अगर पुलिस का यही तरीका रहा तो मुल्क के हालात बिगड़ने का अंदेशा है। मैं नहीं चाहता कि मेरे देश और मेरे शहर का माहौल खराब हो। इस बार कोई हिंदू-मुस्लिम झगड़ा नहीं हुआ, पुलिस ने खुद जनता को नुकसान पहुंचाया और मुसलमानों पर अत्याचार किए।" तौकीर रजा खान का यह बयान जिलाधिकारी अविनाश सिंह और उप महानिरीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा यह कहे जाने के बाद आया है कि बरेली में हिंसा एक "सुनियोजित साजिश" का नतीजा थी।

## जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

बवाल के बाद जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है। शासन के निर्देश पर कुछ देर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। हमारे पास आधिकारिक पत्र आ गया है।

# पहले से हैं मौलाना तौकीर रजा पर कई मुकदमे दर्ज



- पुलिस अब कर रही है रासुका जैसी कार्रवाई करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शुक्रवार को बवाल करने वाले लोगों पर पुलिस बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। मौलाना तौकीर रजा खां पर शिकंजा कस सकता है। पुलिस इस बवाल के पीछे साजिश मानकर जांच कर रही है। एसएसपी अनुराग आर्य का स्पष्ट कहना है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

बरेली पुलिस के मुताबिक मौलाना तौकीर रजा खां पर मारपीट, बलवा और धमकाने के कई केस दर्ज हैं। अब पुलिस अधिकारी मौलाना पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) जैसी कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसके पीछे उनका तर्क है कि मौलाना बार-बार शहर का माहौल खराब करने का काम करते हैं। कोतवाली में मौलाना के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हुए हैं। इनमें से एक में फाइनल रिपोर्ट लगी है। मौलाना के खिलाफ संभल के नखासा थाने में धमकी देने का मामला वर्ष 2020 में दर्ज किया गया था। प्रेमनगर थाने में जानलेवा हमला, बलवा और तोड़फोड़ करने का केस दर्ज किया गया। धर्म विशेष की भावनाएं भड़काने के आरोप में फरीदपुर थाने में भी मौलाना पर एक मुकदमा दर्ज किया गया था। मौलाना के खिलाफ उस वक्त इन मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई थी। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर जुटी भीड़ अब तक तीन बार शहर में बवाल कर चुकी है। तीनों बार कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस और प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी। ढाई दशक पहले एक समाचार पत्र में प्रकाशित अरुण शौरी के लेख के खिलाफ मौलाना ने प्रदर्शन का आह्वान किया था। उस दौरान पहलवान साहब की दरगाह के पास पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति नियंत्रित की थी।

करीब डेढ़ साल पहले माफिया अतीक अहमद के एनकाउंटर और सलमान अजहरी की गिरफ्तारी के विरोध में मौलाना ने इस्लामिया मैदान पर प्रदर्शन का आह्वान किया तो दूसरी बार लाठीचार्ज हुआ था। तब अब शुक्रवार को तीसरी बार मौलाना के आह्वान पर प्रदर्शनकारी बिहारीपुर करोलान में बैरियर पार कर नौमहला पहुंचने की जिद पर अड़े थे।

पुलिस उनको लौटाने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच भीड़ में शामिल लोगों ने माहौल बिगाड़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज करना पड़ा।

# एसपी सिटी को निशाना बनाकर किया पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** डीआईजी और एसपी सिटी खलील स्कूल के पास हंगामा रुमने के बाद कोतवाली के पास आ गए। नारेबाजी करती भीड़ यहां भी पहुंच गई। महादेव पुल के ऊपर और नीचे दोनों ओर भीड़ थी। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो नेतृत्व कर रहे लोगों ने किशोरों को आगे कर दिया। इनमें कुछ के हाथ में पत्थर तो कुछ के हाथ में आई लव मोहम्मद लिखी तख्ियां थीं। इन्होंने एसपी सिटी को निशाना बनाकर पत्थर फेंकने शुरू किए तो पुलिस ने उन्हें सुरक्षा घेरे में ले लिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इससे भगदड़ मची। साथ ही, लाठीचार्ज करके पुलिस ने रास्ता खाली करा दिया।

# पथराव-फायरिंग में 22 पुलिसकर्मी घायल, 39 आरोपी हिरासत में

बरेली में आई लव मोहम्मद के समर्थन में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर शुक्रवार को जुटी भीड़ मौलाना के नदारद रहने से अराजक हो गई। बवालियों ने खलील स्कूल तिराहे के पास दुकानों व वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। नावल्टी चौराहा पर पुलिस टीम पर पथराव और श्यामगंज में फायरिंग की।

डीआईजी अजय कुमार साहनी के मुताबिक, इसमें 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। लाठीचार्ज भी किया। डीआईजी ने कहा कि शाम पांच बजे स्थति काबू में आई। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# कार्रवाई के बाद पत्थरबाजों ने लिखा 'आई लव बरेली पुलिस'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जुमे की नमाज के बाद सड़कों पर पथराव और बवाल कर माहौल खराब करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस उपद्रवियों की जमकर धुनाई लगाई। लाठीचार्ज के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। शहर की फिजां खराब करने वालों पर लाठियां भांजने वाली बरेली पुलिस के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर स्टेटस डाल रहे हैं।

किसी ने पुलिस के लिए लिखा है कि श्श्आई लव बरेली पुलिस, तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहींश्श। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आज बरेली पुलिस का भव्य डांडिया आयोजन, आई लव यूपी पुलिस, बाबा जी सत्य हैं, बाबा जी अनंत हैं, बाबा की पुलिस फायर है जैसे कमेंट्स लिखते हुए लोग अपनी फेसबुक पर स्टेटस लगा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ भी कमेंट्स किए हैं। सोशल मीडिया पर मौलाना तौकीर रजा पर भीड़ को



उकसा कर बरेली शहर को सुलगाने की साजिश रचने का आरोप लगाया जा रहा है।

लाठीचार्ज के कई वीडियो फेसबुक पर शेयर कर भाजपा नेताओं और डॉक्टरों ने तौकीर को घेरा है, योगी सरकार से तौकीर रजा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी सोशल मीडिया पर उठाई गई।

# दहशत का माहौल बनाने वालों को छोड़ेंगे नहीं : एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि नमाज होने तक कहीं हंगामा नहीं था। दोपहर ढाई बजे के बाद अचानक लोग उग्र हो गए। उन्हें शांत कराने का काफी प्रयास किया गया। लग रहा था कि भीड़ को कहीं से कोई निर्देश मिला था और वह कुछ सुनने को तैयार नहीं थी। ये लोग पुलिस पर ही हमलावर हो गए और पथराव करने लगे। तब पुलिस ने सीमित बल प्रयोग कर आत्मरक्षा की और हालात को काबू किया। सभी प्वाइंट पर 13 सीओ व पांच एएसपी लोगों को समझा रहे थे। हमारे पास चार हजार से ज्यादा जवान थे, लेकिन सीमित फोर्स का ही इस्तेमाल किया गया। कानून तोड़ने वालों व साजिश रचने वालों पर नजीर देने लायक कार्रवाई होगी। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे और किसी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी।

# नाबालिगों को ढाल बनाकर खुराफातियों ने पुलिस को बनाया निशाना

- पथराव के बाद ही पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले और किया लाठीचार्ज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर के बुलावे पर जुटी भीड़ ने नाबालिगों को आगे कर अपने मंसूबों को अंजाम दिया। इस्लामिया मैदान पहुं. चने की होड़ में भीड़ अफसरों और फोर्स की मौजूदगी में ही अराजकता पर उतारू हो गई। नावल्टी तिराहे के पास पुलिस अफसरों पर पथराव शुरू कर दिया। तब पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा।

नौमहला मस्जिद से रजा मस्जिद के बीच मौलाना तौकीर की सक्रियता वाले इलाके में शुक्रवार दोपहर 12 बजे से पुलिस टीम ने मोर्चा संभाल लिया था। इस इलाके की मस्जिदों में नमाज का वक्त आमतौर पर एक से तीन बजे तक रहता है। मौलाना इस दौरान दिखाई नहीं दिए। उनके समर्थक सुबह का उनका वीडियो देखकर दोपहर करीब एक बजे नमाज के लिए नौमहला मस्जिद की ओर जाने लगे। आमतौर पर मौलाना इसी मस्जिद में नमाज पढ़ते हैं। नौमहला मस्जिद गेट पर खड़े एसपी यातायात अकमल खान ने लोगों को घर लौटने के लिए कहा। इस पर कुछ लोग लौट गए, लेकिन कुछ किशोर और नौजवान मौलाना को बुलाने की मांग करने लगे।

यहां मौजूद डीआईजी अजय साहनी ने उन्हें समझाने की कोशिश की। एक बार भीड़ वहां से लौट भी गई, लेकिन दोबारा नाबालिगों को आगे कर आई लव मोहम्मद के नारे लगाने लगे। कई ने डीआईजी व एसपी सिटी की मौजूदगी में हूटिंग भी की। तब पुलिस ने लाठियां फटकारकर उन्हें खदेड़ दिया। दोपहर बाद तीन बजे कुतुबखाना व बिहारीपुर से एकजुट होकर इस्लामिया कॉलेज मैदान की ओर बढ़ रही भीड़ को पुलिस ने खलील स्कूल तिराहे के पास रोकने की को. शिश की। वहां कुछ देर तनातनी के बाद युवकों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी।

भीड़ दंत चिकित्सक डॉ. जीके सक्सेना मेमोरियल क्लीनिक में घुसी और बाहरी हिस्से में लगे शीशे तोड़ दिए। दुकान के बाहर खड़ी दो बाइकें भी तोड़ दीं। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो पत्थरबाजी शुरू कर दी। तब पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस लाठीचार्ज के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें पुलिस भीड़ को दौड़ा-दौड़ाकर पीट रही है। लोग जान बचाकर भागते नजर आ रहे हैं। तमाम लोग अपनी चप्पल और जूते से लेकर टोपी व हेलमेट तक छोड़ भागे।

# मौलाना ने 19 सितम्बर को किया था एलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आई लव मोहम्मद के समर्थन में मौलाना तौकीर रजा में 19 सितंबर को एलान किया था कि शुक्रवार को वह इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद कलक्ट्रेट जाकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित सापन डीएम को सौंपेंगे। इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने कोई अनुमति नहीं दी थी। गुरुवार रात 12 बजे अधिकारियों ने आईएमसी की ओर से जारी पत्र को सार्वजनिक किया था। इसमें कार्यक्रम स्थगित किए जाने की जानकारी दी गई थी।

वहीं, शुक्रवार सुबह मौलाना तौकीर ने वीडियो जारी कर रात में जारी पत्र को फर्जी बताया। दावा किया कि विरोध-प्रदर्शन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप ही होगा। उनके बुलावे पर शहर में भीड़ जुटी, पर अपराह्न साढ़े तीन बजे तक मौलाना का कोई पता न चला। तब मौलाना के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कशिश यादव बनीं एक दिन के लिए थाना प्रभारी

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कुढफतेहगढ़ पुलिस द्वारा ओपीएस इंटरनेशनल अकादमी कुढ़फतेहगढ़ की कक्षा 09 की छात्रा कशिश यादव को एक दिन के लिए थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इस विशेष अवसर का उद्देश्य युवाओं में पुलिस कार्यप्रणाली और कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं और बच्चों को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना था।



थाना प्रभारी के रूप में कशिश यादव ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए शिकायतकर्ता मां-बेटे धर्मपाल और जसोडा निवासी कुढ़फतेहगढ़ की भूमि से संबंधित शिकायत को सुना। इसके बाद उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शिकायत का त्वरित और उचित समाधान हो। इस दौरान छात्रा ने सक्रिय और समझदारीपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उपस्थित अधिकारियों ने उनके प्रदर्शन की सराहना की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र कुमार त्यागी, मिशन शक्ति प्रभारी ओमवीर सिंह बालियान, एसआई आकाश यादव एवं हेड कांस्टेबल प्रीती लाठियान सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने छात्रा को उनके उत्साह और जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार के लिए प्रशंसा पत्र और शुभकामनाएँ दीं। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल कशिश यादव को पुलिस कार्य की झलक देखने का अवसर मिला, बल्कि स्थानीय युवाओं और छात्राओं में पुलिसिंग के प्रति सकारात्मक सोच और समाज में कानून का सम्मान बढ़ाने का संदेश भी गया।

## सम्पूर्ण थाना दिवस में आठ शिकायतें दर्ज, मौके पर एक का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कुल 8 शिकायतें दर्ज की गईं, मौके पर 1 का निस्तारण किया गया। नगर में शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस का कोतवाली परिसर में नयाब तहसीलदार आदित्य कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ पुलिस से संबंधित मामलों की भी जानकारी दी। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि वे कई बार विभागीय दफ्तरों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं मिला, जिस कारण वे सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे।हालांकि मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण किया गया। जिसमें नयाब तहसीलदार आदित्य कुमार ने बाकी शेष शिकायतो की तत्काल जांच कर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाए और सभी मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल , वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह, सहित राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीय इंटर कॉलेज में लगा स्वास्थ्य कैंप

**बिलारी।** नांगलिया जट स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने छात्रों की आँख, दाँत, रक्तचाप, वजन, लंबाई आदि की जांच की और बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार व व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य रघुपति देव ने स्वास्थ विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है। कैंप में झरना राजप. ूत, डा पूजा, फिजियोथैरेपिस्ट के पी सिंह, ऑप्थोमेटिक विशाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में पति पर दर्ज कराया मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जरगांव की रहने वाली महिला पिंकी ने कोतवाली पहुंचकर पति रोहित के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमे के मुताबिक उसका पति 23 सितंबर को शाम के समय शराब पीकर घर आया और गाली गलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो उसके पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम पंचायत में एंटी लारवा का छिड़काव कर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** विकासखंड भगतपुर की ग्राम पंचायत रुस्तमपुर तिगरी में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान और एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी विनय आशीष और ग्राम प्रधान पति शकील अहमद ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए एंटी लारवा का छिड़काव किया गया। विनय आशीष ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रामीणों को अपने घर और आस पड़ोस को साफ सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



## दूध की डेरियों पर खाद्य विभाग का छापा, नमूने लैब भेजे

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला छीपीयान में शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने दूध की डेरियों पर छापेमारी कर नमूने भरे। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य डेरी संचालक भी सतर्क हो गए। नगर के मोहल्ला छीपीयान पर खाद्य विभाग की टीम ने दूध की डेरियों पर छापेमारी कर नमूने भरे। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही डेरी संचालकों में हड़कंप मच गया। कई दुक. ानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। जिला मुख्यालय से आई टीम का नेतृत्व डॉ. राजीव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने ने मोहल्ला छीपीयान स्थित मुस्कान डेरी संचालक कासिम और पास ही स्थित दानिश की डेरी पर छापेमारी की।

टीम ने मौके पर रखे दूध के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र ने बताया कि नगर निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत की थी कि कुछ डेरियों पर घटिया और मिलावटी दूध बेचा जा रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने टीम गठित कर छापेमारी की। उन्होंने कहा कि दूध के नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर दूध की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित डेरी संचाल. कों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस छापेमारी की चर्चा पूरे नगर में रही।

## पूर्व चेयरमैन कस्तूरचंद के पुत्र राजेश जैन का निधन

**बिलारी।** नगर के पूर्व चेयरमैन कस्तूरचंद जैन के पुत्र राजेश जैन का मधुबनी मुरादाबाद में निधन हो गया। इसकी सूचना मिलने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बिलारी निवासी उनके परिजन एवं नगर के अन्य काफी लोग उनके अंतिम दर्शनों को पहुंचे। उनके भ्राता राकेश जैन ने बताया कि उन्होंने नेत्रदान का संकल्प लिया था, उसके अनुसार सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की टीम ने उनके आवास पर जाकर उनके नेत्र सुरक्षित कर लिए ताकि कोई नेत्रहीन उनकी आंखों से इस दुनिया को देख सके। उनके इस संकल्प को लेकर लोग उन्हें साधुवाद दे रहे हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन,सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल आदि ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## श्री कृष्णलीला में कालिया नाग नाथन का मंचन

**ठाकुरद्वारा**। नगर के रामलीला मैदान में चल रही रासलीला के दौरान श्री राधा रानी रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा कालिया नाग कथा का मंचन किया गया। शनिवार को रामलीला मैदान में चल रही रासलीला के दौरान कलाकारों ने दर्शाया कि राजा कंस अपने दरबार में श्री कृष्ण को मारने के लिए अपनी सेना के साथ विचार विमर्श कर रहा है तभी नारद जी प्रकट होते हैं और कालिया नाग के विषय में बताते हैं इस पर कंस अपने सैनिकों को भेज कर कालिया नाग को संदेश भिजवाता है उधर यमुना नदी में कालिया नाग के निवास करने से पानी जहरीला हो चुका था जिससे कोई पशु पक्षी नदी के पानी का सेवन करता तो मर जाता , एक दिन श्री कृष्णा बाल बाल के साथ नदी के किनारे खेल रहे थे तभी श्रीकृष्ण ने जानबूझकर बोल यमुना जी में फेंक दी तब ग्वाल कृष्ण से यमुना से गैर लाने को कहते हैं ग्वाल के बाल मांगते ही श्री कृष्ण यमुना में कूद जाते हैं यमुना में जाने के बाद श्री कृष्णा सो रहे कालिया नाग को उठते हैं उसके नहीं उठने पर उसकी पूंछ पर पैर रखकर उसको जागते हैं इससे कालिया नाग कृष्ण का वध करने को जुट जाता है कालिया नाग और श्री कृष्णा मैं बहुत समय तक युद्ध चलता है कुछ समय बाद कालिया नाग श्री कृष्ण से हार मान लेता है। हार मान लेने के बाद श्री कृष्ण कालिया नाग के फन पर पर रख नित्य करते हुए यमुना जी से बाहर आते हैं ।

## समाधान दिवस के बाद भी कार्रवाई नहीं

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजननगर में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। ग्रामीण वीरेन्द्र सिंह का कहना है कि वह गाटा संख्या 61 की जमीन में एक-तिहाई हिस्से का मालिक है और लंबे समय से उसी पर काबिज है। वीरेन्द्र सिंह का आरोप है कि उनके ही परिवार के गनेश सिंह पुत्र कल्लू सिंह जमीन में अपने हिस्से से ज्यादा कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। आरोप है कि गनेश सिंह प्रार्थी के हिस्से में रखे कृषि यंत्रों को जबरन हटाने और बाहर फेंकने की धमकी दे रहा है। उन्होंने 8 सितम्बर को समाधान दिवस में भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि वह चाहते हैं कि हल्का लेखपाल से पैमाइश कराकर सही हिस्से की जमीन तय कर दी जाए, मगर विपक्षी मानने को तैयार नहीं है।

# मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत छात्राओं को बनाया एक दिन का थाना प्रभारी



**पीलीभीत।** डीएम एसपी की मौजूदगी में हुए थाना समाधान दिवस के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत कोतवाली पूरनपुर में मेधावी छात्राओं को थान प्रभारी बनाया गया। जिसमें कम्पोजिट विद्यालय चॉट फिरोजपुर की कक्षा 8 की छात्रा अनामिका एवं प्राथमिक विद्यालय सिमरिया की छात्रा फराना बी को एक दिन का प्रभारी बनाया गया। दोनों छात्रों ने थाना परिसर का अवलोकन किया तथा थाने की कार्यप्रणाली को समझा तथा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, पीडितों की सहायता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किए जाने वाले कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत उन्हें महिला सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नम्बरों-1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा इत्यादि की जानकारी दी। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली पूरनपुर में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, विद्युत सहित अन्य समस्याओं के शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

## कौशिक विज़डम प्रीस्कूल में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कौशिक विजडम प्रीस्कूल में नवरात्रि व दशहरा उत्सव बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। प्रात काल विजयदशमी पर्व का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक व प्रधानाचार्य भावना कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा प्ले ग्रुप से केजी तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज़ में भाग लिया। इन एक्टिविटीज़ के अंतर्गत बच्चे रामायण के विभिन्न पात्रों में सुसज्जित होकर आए।

नन्ही बच्चीयों ने देवी दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इन गतिविधियों में बच्चों के द्वारा चित्रों में रंगभरना, कविताओं का मंचन करना इत्यादि शामिल थे। विद्यालय में सभी बच्चों को इस त्यौहार का महत्व बताया गया तथा राम-रावण संवाद का मंचन शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया इस प्रकार के क्रियाकलापों को देखकर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने शिक्षकों बच्चों को अभिभावकों के प्रयासों के सराहना की और कहा कि भारत में अनेक धर्म -संप्रदाय के लोग रहते हैं और सभी भारतवासी एकजुट होकर सभी धार्मिक वर्गों को उल्लास से मनाते हैं इस प्रकार की गतिविधियां हमारी भारतीय संस्कृति को बल देती हैं। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि विजयदशमी पर रावण के पुतले का ही दहन नहीं हमें अपने भीतर की बुराइयों का दहन भी करना होगा। रावण बुद्धिमान होते हुए भी अहंकारी था इसलिए श्री राम ने उसका वध किया जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक था।

विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रजनी रस्तोगी ने पौराणिक कथा के माध्यम से अच्छाई की जीत का संदेश दिया। दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में ओजस अग्रवाल, धैर्य चंद्रा, वेदांत चावला ने राजा राम जी की वेष में रहें।

## शीर्ष नेतृत्व ने राज्यमंत्री संजय सिंह को सौपी बिहार में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को बिहार विधानसभा चुनाव में जिला मधुवनी की लोकसभा झंझारपुर क्षेत्र के चुनाव प्रभारी के रूप में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौपी है। विगत दिवस बिहार की राजधानी पटना में शीर्ष नेतृत्व की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित. शाह की मौजूदगी में हुई बिहार प्रदेश की चुनाव समिति की बैठक में बिहार प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रभारियों की हुई नियुक्तियों के क्रम में राज्यमंत्री संजय गंगवार को झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपी गई है। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह के अलावा राष्ट्रीय संगठन मंत्री वीएल संतोष, बिहार विधानसभा चुनाव प्रभारी एंव केन्द्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान एंव विनोद तावड़े, प्रदेश कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सहित विभिन्न राज्यो के मंत्रीगण एवं संगठन के केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहें। गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंग. वार ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उनको झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रभारी के रूप में जो दायित्व सौपा है उसके लिए उन्होनें शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यबाद प्रकट किया है।

## केएम फिर बना गरीब परिवार के लिए संजीवनी



**मथुरा।** केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग ने एक बार फिर जटिल ऑपरेशन कर 12 वर्षीय बालक की जान बचाई है। बालक की जांच होने पर उसकी आंत फटी होने की पुष्टि हुई थी। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में डा. सागर मित्तल अपनी टीम के साथ ऑपरेशन करके फटी हुई आंत को जोड़ दिया।

मरीज डिस्चार्ज हो चुका है और पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। केएम अस्पताल में मरीज का इलाज दवाओं के खर्चे पर निःशुल्क किया गया है। मथुरा जिले के धौलीप्याऊ स्थित भोला का नगला निवासी ताराचंद का बेटा तुषार (12) को एक माह पूर्व टाइफाइड बुखार हुआ था, उसकी आंतें फटने और छोटी में छेद होने से मरीज के पेट में भयंकर दर्द और पेट में लैट्रिन फैल गई थी। गंभीर हालत में तुषार को लेकर उसके परिजन केएम अस्पताल पहुंचे जहां सर्जरी टीम के विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल, सीनियर प्रोफेसर डा. अजय जैन, प्रो. यशपाल जिंदल, एसोसिएट प्रोफेसर डा. संकल्प श्रीवास्तव, असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर मित्तल, डा. अश्वनीश सिंह ने इमरजैंसी में भर्ती कराते हुए उसका पेट का अल्ट्रासाउंड और सीटी स्क्रैन कराया तो पता चला उसकी आंत फटी हुई है, छोटी आंत में छेद है, बच्चे का मल्ल पेट में फैला हुआ है, तुषार की गंभीर अवस्था देखते हुए डा. सागर मित्तल ने अपनी टीम के जेआर डा. प्राकृति गुप्ता, डा. चिंतन सेठी, डा. निधि द्विवेदी, डा. पल्लवी के साथ सफल ऑपरेशन करते हुए मरीज की आंत जोड़ कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। डा. सागर मित्तल ने बताया कि मरीज तुषार पूरी तरह स्वस्थ है, उसे अब कोई तकलीफ नहीं है। मरीज के परिजन आर्थिक तंगी से ग्रस्त थे।

## नगर पंचायत बोर्ड बैठक में हुई विकास कार्यों पर चर्चा, कई प्रस्ताव पास




**पीलीभीत।** आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां की बोर्ड बैठक का शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संदीप कौर अध्यक्ष नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के द्वारा की गयी, जिसमें नगर पंचायत के समस्त सम्मानित सदस्य तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं लिपिक उपस्थित रहे। बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (ळैज) की दरों में की गई कटौती के लिए मा० प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं श्रीमती निर्मला सीतारमण को धन्यवाद आभार प्रकट किये जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में सर्वसम्मति से मा० प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं श्रीमती निर्मला सीतारमण को धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को वस्तु एवं सेवा कर (ळैज) की दरों में की गई कटौती के लिए आभार प्रकट किया गया। यह निर्णय आमजन, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी बताया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने हेतु चर्चा की गयी, जिसमें अध्यक्ष महोदया द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के दृष्टिगत दोनों पालियों में सफाई कराये जाने हेतु अधिकशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही साथ नालियों की सफाई एवं फॉगिंग अभियान को साप्ताहिक रूप से चलाया जाएगा। सड़क एवं नाली मरम्मत कार्यों पर चर्चा करते हुए तय किया गया, कि जिन वार्डो में सड़कें या नालियाँ जर्जर हैं, वहाँ जल्द ही मरम्मत कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। कई क्षेत्रों में सीसी सड़क निर्माण, नवीन स्ट्रीट लाइट्स और ड्रेनेज सुधार कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी।

## बेनहर पब्लिक स्कूल में फायरलेस कुकिंग कंपीटीशन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल के कक्षा चार से कक्षा आठ के बच्चों के लिए एक प्रतियोगिता 'फायरलेस कुकिंग कम्पिटीशन' का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रत्येक कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, हेडमिस्ट्रेस जूनियर नेहा पांडे, हेडमिस्ट्रेस प्राइमरी रचना वाधवा, आईटी हेड विजय जायसवाल एवं एग्जामिनेशन इंचार्ज मीतू शर्मा ने प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाह किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री के उपयोग के प्रति जागरूकता का विस्तार करना रहा। इसके साथ ही शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपेक्षित शिष्टाचार के साथ भोजन को परोसना, सज्जित करना और ग्रहण करना भी सिखाने का प्रयास किया। प्रत्येक कक्षा के 6-6 विद्यार्थियों की प्रविष्टियों को सर्वश्रेष्ठ के रूप में चयनित करके उनमें से तीन-तीन को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान के लिए चुना गया।

## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदान की गई स्वास्थ्य सुविधाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत जन समुदाय को कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया गया एवं विभिन्न गतिविधियां के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा वल्लभ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिलाओं में गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की गहन जाँच, संवेदनशील महिलाओं की क्षय रोग (टीबी) की जाँच तथा निःक्षय मित्र योजना में नामांकन, किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की स्क्रीनिंग, सिकल सेल रोग की जाँच, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जाँच, हीमोग्लोबिन परीक्षण, पोषण संबंधी परामर्श और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल और अपने नजदीकी आयुष्मान आप मंदिर से संपर्क करके यह सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। विशेषकर जो महिलाएं और बच्चे अब तक छूट हुए हैं। इसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा अन्य सरकारी चिकित्सा इकाईयों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ महिलाओं को आवश्यक एवं विशेषज्ञ सेवाएँ प्राप्त कराई जा रही है।

## चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में चकबन्दी प्रक्रियाधीन सभी 21 ग्रामों की धारावार समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में गत माह तक 6 ग्रामों में भूचित्र संशोधन, 7 ग्रामों में पड़ताल, 4 ग्रामों में धारा-9 एवं 3 ग्रामों में धारा-10 तथा एक-एक ग्राम में धारा-23 एवं 24 के अंतर्गत प्रगति की गयी है। उन्होंने सभी 21 ग्राम चकबन्दी प्रक्रिया में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रचलित हैं।

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 ग्रेटर नोएडा में पहुंचे जी.एल.ए यूनिवर्सिटी मथुरा के विद्यार्थी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** ग्रेटर नोएडा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान अंतर्गत उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितंबर तक किया जा रहा है, राज्य नोडल अधिकारी के आदेश अनुसार यू पी आई टी एस 2025 इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में जनपद मथुरा से डिग्री कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को प्रतिभाग और भ्रमण करना सुनिश्चित किया गया था उपरोक्त आदेश अनुसार उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र मथुरा रामेंद्र कुमार के द्वारा जी.एल.ए यूनिवर्सिटी के 100 छात्रों को ग्रेटर नोएडा एक्सपो में भेजा गया जिसमें छात्रों ने सहभागिता के उपरांत शासन प्रशासन की प्रशंसा की और कहा अब हमें एक सफल उद्यमी बनना है और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सरकार की स्कीम हमारे उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक रहेगी, इस मौके पर सीएम युवा फेलो बृजेन्द्र कुमार, अमीश प्रताप सिंह, डॉ. नेहा कुमारी असिस्टेंट प्रोफेसर अनमोल नागपाल ब्रांडिंग डिपार्मेंट शुभम वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर हेमन्त कुमार, शैलेश कुमार के साथ जी एल ए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संस्कृति में रक्तदान कर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर लिया संकल्प किया पूरा



**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ नर्सिंग और सद्भावना चेरीटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से संस्कृति विवि में एक रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में विवि की एनएसएस विंग के कैडेटों, विवि के शिक्षकों ने 147 यूनिट ब्लड दान किया।

इस मौके पर संस्कृति स्कूल नर्सिंग के प्राचार्य केके पाराशर ने कहा कि रक्तदान तब होता है जब एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त देता है और रक्त-आधान (ट्रांसफ्यूजन) के लिए उसका उपयोग होता है या फ्रैकशेनेशन नामक प्रक्रिया के जरिये दवा बनायी जाती है। विकसित देशों में, अधिकांश रक्तदाता अवैतनिक स्वयंसेवक होते हैं, जो सामुदायिक आपूर्ति के लिए रक्त दान करते हैं। एक स्वस्थ वयस्क व्यक्ति एक बार में आमतौर पर 350 से 450 मिलीलीटर (उस) रक्त दान कर सकता है, जो शरीर में मौजूद कुल रक्त का लगभग 8: से 12: होता है. पुरुषों के लिए यह अंतराल 12 सप्ताह और महिलाओं के लिए 16 सप्ताह होता है, जबकि भारत में आमतौर पर 450 मिलीलीटर रक्त दान किया जाता है, जिसे शरीर 48 से 72 घंटों में फिर से भर लेता है. डा. रजनीश त्यागी ने कहा कि जीवन बचाने के लिए खून चढाने की जरूरत पडती है। दुर्घटना, रक्ध्तस्ध्त्राव, प्रसवकाल और ऑपरेशन आदि के दौरान अत्ध्यधिक खून बह सकता है और इस अवसर पर उन लोगों को खून की आवश्ध्यकता पडती है। थेलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे अनेंक रोगों से पीडित व्यक्तियों के शरीर को भी बार-बार रक्ध्त की आवश्यकता रहती है अन्ध्यथा उनका जीवन खतरे में रहता है। जिसके कारण उनको खून चढाना अनिवार्य हो जाता है। इस जीवनदायी रक्ध्त को एकत्रित करने का एकमात् उपाय है रक्ध्तदान। स्ध्वस्ध्थ लोगों द्वारा किये गये रक्ध्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को खून चढानें के लिये किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दान है जो किसी का जीवन बचाने के काम आ सकता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जन्मदिवस पर लिए संकल्प को पूरा करने के लिए संस्कृति विवि में हुए रक्तदान के अवसर पर सद्भावना ब्लड बैंक टीम की तरफ से मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप पाराशर, डायरेक्टर संजीव सारस्वत, मोहित सारस्वत ,तरुण, सुशील राहुल, सौरभ, नितिन, धर्मेंद्र नीरज आदि का सहयोग रहा। वहीं संस्कृति विवि की ओर से सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने आयोजन का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, राहुल और एनएसएस विंग के कैडेट्स भी मौजूद रहे।

## सशक्त नारी की तरह हर जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ें




**गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिये चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत दानघाटी मंदिर के समीप कैनोपी लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। शुक्रवार को गोवर्धन थाने की महिला चौकी प्रभारी निशिता शर्मा, एसआई विनय बौद्ध, एसआई सुनीता सिंह ने दानघाटी मंदिर के सामने कैनोपी लगाई और महिलाओं और छात्राओं को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

हिंसा से पीड़ित महिलाआ. -बालिकाओं को काउंसलिंग और रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना, बालिकाओं को साइबर हिंसा, यौन शोषण से बचाव और सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोरियों के साथ हैल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना शामिल रहा।

सरकार द्वारा संचालित सरकारी हेल्पलाइन नम्बर 1090 व अन्य पर किसी भी विषम परिस्थिति में कॉल कर हेल्प लेने के बारे मे जानकारी दी।

## डांडिया में छाया उल्लास, महिलाओं ने मचाया धमाल



वृंदावन। इनरव्हील क्लब आफ वृंदावन के डांडिया उत्सव में शामिल लोग धार्मिक गीतों पर जमकर झूमे। डांडिया उत्सव में शामिल महिला, पुरुष और युवतियों ने जमकर धमाल मचाया। उत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शाम को शुरू हुआ डांडिया उत्सव देर रात तक चलता रहा और लोग उत्सव का लुत्फ उठाते रहे। मथुरा मार्ग स्थित दाऊजी की बगीची के गणेशीलाल बजाज अतिथि भवन में इनरव्हील क्लब के डांडिया उत्सव का शुभारंभ डिस्ट्रिक आईएसओ मंजू पारीक, अध्यक्ष विनीता द्विवेदी भाजपा जिलाध्यक्ष मुदित शर्मा भावना शर्मा अंजली गोस्वामी मधु खंडेलवाल ने दीप प्रज्जवलन करके किया। वरिष्ठ नागरिक सम्मन डॉ ललिता भर्तियां जी का क्लब द्वारा किया ,फिर शुरू हुआ डांडिया का धमाल, अतिथि भवन के बड़े परिसर में दोस्तों के साथ आपस में सभी ने डांडिया खेलना शुरू किया तो हर कोई आनंद के रस में डूबा नजर आया। उत्सव में आयोजित डांस प्रतियोगिता में महिलाओं और युवतियों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को अपने निर्णय लेने पर असमंजस में डाल दिया तो रेंडम क्विज में युवतियों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। दूसरी ओर फोटोग्राफी सेशन चल रहा था, जहां पेशेवर फोटोग्राफर कार्यक्रम की तस्वीरों को कैद कर रहे थे। तो चटपटी चाट स्नैक्स व फूड की स्टाल पर भी भीड़ लगी हुई थी। गेम्स और मस्ती की इस शाम को रंगीन कर रही थी युवतियों की विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्रद्धा और संस्कृति का संगमः रामलीला महोत्सव ने बांधा दर्शकों का मन

**जय श्रीराम के नारों से गूंजा रामपुर, झूमे भक्त, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड भक्ति, कला और संस्कृति का संगम बन गया। मानो पूरा अयोध्या धाम ही रामपुर की धरती पर उतर आया हो। श्रीरामलीला महोत्सव के बारहवें दिन श्रद्धा और उत्साह की ऐसी छटा बिखरी कि हर दर्शक देर रात तक वहीं ठहरने को विवश हो गया।

सुबह का आरंभ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से हुआ। नटखट बालकृष्ण की माखन चोरी की अदाओं ने बच्चों को खिलखिलाकर हंसा दिया, वहीं बुजुर्गों की आंखें भक्ति से भीग गईं। पूरा वातावरण इस तरह रस और रंग से सराबोर हो उठा कि दर्शकों को लगा मानो वे वृंदावन की गलियों में पहुंच गए हों।

शाम ढलते ही रामलीला मैदान दैदीप्यमान रोशनी, भजनों और मंत्रोच्चार से जगमगा उठा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और एक के बाद एक जीवंत प्रस्तुतियां दीं। खरदूषण वध का पराक्रम, सीता हरण की वेदना, जटायु मोक्ष का बलिदान, शबरी प्रसंग की अद्वितीय भक्ति, और रामख्रसुग्रीव मित्रता का हृदयस्पर्शी प्रसंग इन सभी मंचनों ने दर्शकों की भावनाओं को झकझोर दिया। "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों और तालियों की गड़गड़ाहट ने बार-बार कलाकारों को



रोककर दर्शकों के प्रेम का आशीर्वाद स्वीकार करने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मेंथा कारोबारी अरविंद नंदा, समाजसेवी संजीव अग्रवाल और प्रॉपर्टी डीलर सुमित अग्रवाल को समिति की ओर से शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल समेत नगर के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। बारहवें दिन का यह अध्याय केवल रामकथा का मंचन नहीं था, बल्कि पूरे नगर के लिए आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसने न केवल भक्ति और आस्था को गहराई तक उतारा बल्कि आने वाले दिनों की उत्सुकता भी कई गुना बढ़ा दी। सच तो यह है कि श्रीरामलीला महोत्सव अब केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। इसकी स्मृतियां हर दर्शक के दिल में लंबे समय तक गूंजती रहेंगी।

इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विना. ेद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड. ), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

## लावारिस शव का मसवासी पुलिस ने रामपुर श्मशान घाट पर किया दाह संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** तीन दिन पूर्व कोसी नदी में मिली लाश की शिनाख्त ना होने के कारण मसवासी पुलिस ने रामपुर मोर्चरी से शव कब्जे में लेकर हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया है। तीन दिन पूर्व 35 वर्षीय युवक की लाश कोसी नदी में झाड़ियां में पानी में तैरती हुई मिली थी जिसकी शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने काफी लोगों को इकट्ठा किया था और आसपास के गांव में मुनादी कराई गई लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी और लाश को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे लाश मोर्चरी में रखने के बाद भी कोई भी उसकी शिनाख्त को नहीं पहुंचा जिससे मसवासी पुलिस चौकी के कांस्टेबल यशवीर सिंह राणा ने अपने खर्चे पर रामपुर शमशान घाट में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस मानवता के कार्य के लिए सिपाही की काफी प्रशंसा की जा रही है।

## जल निकासी के विवाद में तीन गिरफ्तार

**मसवासी।** चौकी पुलिस ने गांव सेमरा लाडपुर में जल निकासी के विवाद को लेकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में एसडीएम न्यायालय में पेश किया। चौकी क्षेत्र के गांव सेमरा लाडपुर में जल निकासी को लेकर दो पक्षों में काफी दिनों से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ था जिससे पुलिस को शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा बना हुआ था पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाद कर रहे अशोक पुत्र हुलासी राम, दूसरे पक्ष के जयपाल पुत्र रामचंद्र बंटी पुत्र रामचंद्र को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जमानत पर छोड़ दिया गया।

# ग्राम पंचायत का दारोमदार पंचायत सहायकों पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सैदनगर और स्वार पंचायत सहायकों का रामपुर सहकारी बैंक सभागार परिसर में 4 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू क्षमता वर्धन और तकनीकी दक्षता पर जोर।

पहले दो दिन पंचायत सहायकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

अगले दो दिन उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण (जैसे विभागीय पोर्टल का संचालन और इंटरनेट आधारित कार्य) प्रदान किया जाएगा। नए पंचायत सहायकों को यह प्रशिक्षण विशेष रूप से लाभकारी होगा, वहीं पहले से कार्यरत सहायकों के लिए यह क्षमता वर्धन का अवसर है।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सहायकों का ऑनलाइन मूल्यांकन होगा, जिसमें 20 प्रश्न शामिल हैं।

80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भारत सरकार की





ओर से ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

रामपुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पिछले पन्द्रह दिनों से डीपीआरसी संभल द्वारा रामपुर सहकारी बैंक सभागार परिसर में 4 दिवसीय क्षमता वर्धन और तकनीकी दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में सैदनगर और स्वार के पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण किट वितरित करते हुए जिला ग्राम पंचायत अधिकारी नत्थूलाल सैनी ने कहा कि सरकार के सभी विभागों की दो सौ से भी अधिक योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक निवासी को दिलवाने में आपकी सीधी भूमिका है। आप प्रदेश सरकार के प्रमुख अंग है। आप सभी सेवा भाव नीयत से अपना कार्य करें। विभागीय पोर्टल का संचालन ठीक से करना सीखें। गांव के किसी भी व्यक्ति को छोटे से बडे कार्य के लिए शहर की ओर आने की आवश्यकता न पड़े इस ध्येय के साथ आप सेवा दें। डीपीआरसी संस्थान के प्रबंधक डा. नवनीत शेखर ने कहा कि चार दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण में आप सभी को पहले दो दिन विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगीक्कअगले दो दिन तकनीकी प्रशिक्षण (जैसे विभागीय पोर्टल का संचालन और इंटरनेट आधारित कार्य) प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आपको प्रमाण पत्र मिलेगें। जबकि 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले को भारत सरकार की ओर से ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

डा. कुलदीप सिंह चौहान ने नॉन वायलेंट कम्युनिकेशन का अभ्यास कराया। सुरेश आर्यक्कसंजय कुमारक्क सतेन्द्र कुमार, बंटी आदि मौजूद रहे।

# बसपा के उत्तराखण्ड प्रभारी ने कार्यकताओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को बसपा कार्यालय दीप सिंह नगर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रहे मुरादाबाद मंडल के प्रभारी व उत्तराखंड के प्रभारी जफर मलिक साहब, दूसरे मुख्य अतिथि रहे। मुरादाबाद मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी डॉ. रणविजय व तीसरे मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर राजकमल सिंह एवं चौथे मुख्य अतिथि रहे अरुण कुमार उर्फ टिंकू।इस दौरान जफर मलिक ने कहा कि बहन जी के आदेश के अनुसार साहब काशीराम जी के 9 अक्टूबर को परिनिर्वाण दिवस को ज्यादा-ज्यादा संख्या पहुंचकर प्रोग्राम को सफल बनाना है।

इसी कड़ी में को आगे बढ़ते हुए मुरादाबाद मंडल के मुख्य मंडल सेक्टर डॉक्टर रणविजय सिंह ने प्रत्येक विधानसभा बार समीक्षा की और प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी दी। जिसमें मिलक विधानसभा से



बांकेलाल सागर। रमेश श्रीवास्तव, नेमचंद गौतम स्वार विधानसभा से दीपक सागर ,डॉक्टर सद्दाम हुसैन, हरिराम प्रधान, चमरौआ विधानसभा से सतपाल जाटव, इसरार अली एडवोकेट, संदीप कुमार , बिलासपुर विधानसभा से महेंद्र सिंह सागर, हाजी जुल्फिकार अली, महमूद ठेकेदार ,शहर विधानसभा से राजेश प्रकाश सैनी अखिलेश गुप्ता, राजपाल गौतम को जिम्मेदारी देकर कहा गया का प्रत्येक विधानसभा से 5000 लोगों को लखनऊ जाने का लक्ष्य रखा गया है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर जाना अगर किसी भी पदाधिकारी ने इस इस कार्यक्रम में लापरवाही की तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रोग्राम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्य कोऑर्डिनेटर डॉक्टर राजकमल सिंह ने कहा कि हमें इस प्रोग्राम को सफल करना है और बहन जी के हाथों को मजबूत करना है। अरुण कुमार उर्फ टिंकू मुख्य मंडल प्रभारी ने कहा की ज्यादा से ज्यादा लोग बसों में ट्रेनों से व अपनी कारों के द्वारा 9 तारीख को पहुंचेंगे बसपा जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट ने कहा कि आने वाली 9 तारीख को हम लखनऊ में इतनी भीड़ ले जाएंगे कि हम इतिहास रचेंगे । प्रत्येक विधानसभा से 20 बसों का इंतजाम हमने कर दिया है इसके अलावा बसपा समर्थक ट्रेन में और अपनी फोर व्हीलर से भी जाएंगे। जनपद रामपुर में से ज्यादा ज्यादा भीड़ ले जाने का लक्ष्य रखा गया और हमने पूरी अपनी तैयारी कर ली जनपद रामपुर में बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के द्वारा बड़ी संख्या में यहां से लखनऊ पहुंच जाएगा।

इस मौके पर उपस्थित रहे मंडल प्रभारी बांकेलाल सागर, मंडल प्रभारी दीपक सागर, जिला प्रभारी राजेश प्रकाश सैनी, जिला प्रभारी सतपाल जाटव, जिला उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, जिला सचिव राजपाल गौतम, नेमचंद गौतम, महेंद्र सागर, राजू सागर, विजेंद्र सागर आदि शामिल रहे।

# नए पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को हम एकता मंच की एक मीटिंग मोहल्ला चिरान स्थित जाकिर खघं के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खघं ने की और संच. ालन मास्टर जुबैर साहब ने किया। मीटिंग में नगर अध्यक्ष नादिर खघं बबलू ने मौ आजम खां को वार्ड नंबर 10 का अध्यक्ष नियुक्त किया।

उन्होंने कहा कि नगर में हम एकता मंच का मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा जिसके लिए नगर के सभी 43 वार्डों में अध्यक्ष नियुक्त कर वार्ड कमेटियां बनाई जाएंगी। आज मौ आजम खां को वार्ड नंबर 10 का अध्यक्ष बनाया गया है ये जल्द ही अपनी कमेटी बनाकर वार्ड नंबर को मजबूत बनाएंगे। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खान ने कहा कि हम एकता मंच सामाजिक संगठन है और समाज में एकता, भाईचारा बढ़ाने के साथ ही जनहित के सभी मुद्दों पर काम कर रहा है। जनता की ज्यादा



सेवा करने के लिए हम संगठन को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं। मौ आजम खां के वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड नंबर 10 में हम एकता मंच को मजबूती मिली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीकघ खघं ने कहा कि हम एकता मंच लगातार मजबूत हो रहा है जल्द ही पूरे जिले में मजबूत संगठन तैयार कर दिया जाएगा और जनता की समस्याओं को और मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने मौ आजम खां को वार्ड अध्यक्ष बनने की मुबारक. बाद देते हुए कहा कि उनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड में संगठन मजबूत होगा और वार्ड की जनता की समस्याओं का समाधान कराने में आसानी होगी। वार्ड अध्यक्ष मौ आजम खां ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह हम एकता मंच को मजबूत बनाने के लिए तन मन धन से काम करेंगे। इस अवसर पर सभासद अलीम खघं, मौहम्मद नाजिम साहब, डाक्टर शुएब खघं, इरशाद खघं, जाकिर खघं,मुनीर खघं, कघसिम खघं, मुन्ने खघं, समीर खघं आदि मौजूद रहे।

# ज्वाला नगर रामलीला, लक्ष्मण ने काटी सूर्पणखा की नाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में शनिवार रात अनसूया उपदेश, सूतीश्नण मिलन, शुपर्णखा नासिका छेदन आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।

कलाकारों द्वारा दिखाया गया।

शूर्पणखा श्रीराम लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव रखती है प्रभु श्रीराम के द्वारा नकारने पर रुष्ट होकर माता सीता की ओर झपटती है तब क्रोधित होकर श्रीराम के आदेश पर लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक काट देते हैं। शूर्पणखा लंका जाकर रावण को आपबीती सुनाती है।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, मोहित मल्होत्रा, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता,



देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, जगन सिंह, मिंटू, राहुर्ल, सचिन, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मानसिक तौर पर कमजोर युवक के साथ किया कुकर्म पीड़ित की भाभी ने नामजद करते हुए दी तहरीर

**गढ़मुक्तेश्वर।** मानसिक तौर पर बीमार युवक को कमरे में खींचकर जबरन कुकर्म करने वाले पर घटना के दौरान बनाए गए वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाकर भाभी ने तहरीर दी। सिंभावली क्षेत्र के गांव की महिला ने अपने 20 वर्षीय मानसिक तौर पर बीमार देवर के साथ गांव के ही युवक द्वारा कमरे में खींचकर चाकू की नोक पर जबरन कुकर्म का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी है। जिसमें उल्लेख किया है कि 25 की रात में आरोपी ने उसके देवर को जबरन कमरे में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करते हुए इस दौरान वीडियो भी बना ली थी।


## कार्यालय उप जिलाधिकारी, सदर, बरेली।

पत्रांक 622 / मत्स्य आखेट पट्टा नदी / 2025-26 दिनांक 24 सितम्बर 2025

प्रेस-विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-01 / 2019 / 33 / एक-2-2019-19 (रिट) / 2018 दिनांक 10.01.2019 एवं शासनादेश संख्या- 97 / सत्रह-म-2024-17-1099 / 9 / 2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत तहसील सदर (बरेली) में बहने वाली सदानीरा रामगंगा नदी के तीन खण्डों की मत्स्य आखेट हेतु नीलामी किया जाना है। मत्स्य आखेट हेतु वर्ष 2025-26 में पट्टा नीलामी स्वीकृत दिनांक से 31.05.2026 तक (प्रतिबंधित अवधि 01 जून से 31 अगस्त) होगा। मत्स्य आखेट पट्टा / नीलामी पर उठाए जाने की कार्यवाही के सम्बन्ध में नीलामी तिथि निम्नवत है:-

| क्रमांक | तहसील का नाम | नीलामी तिथि |
|---|---|---|
| 1 | सदर | 03.10.2025, 08.10.2025, 15.10.2025 |

तहसील सभागार में उपरोक्त तिथियों के अनुसार अपरान्ह 1:00 बजे उप जिलाधिकारी / नीलाम अधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न की जायेगी। पट्टा / नीलामी हेतु चिन्हित मत्स्याखेट खण्डों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | तहसील एवं नदी का नाम | खण्ड का नाम | खण्ड की लम्बाई (कि0मी0 में) | वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित नवीन न्यूनतम आरक्षित मूल्य धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तहसील – सदर नदी – रामगंगा | रामगंगा खण्ड-1 (ग्रा0 मुबारिकपुर से रम्पुरा इनायतपुर तक) | 05 | 31250 |
| | | रामगंगा खण्ड-2 (ग्रा0 गोंठा से फतेहपुर ठाकुरान तक) | 05 | 31250 |
| | | रामगंगा खण्ड-3 (ग्रा0 महगवां उर्फ ऊँचा गांव से चौवारी मु0 तक) | 06 | 37500 |

पट्टा / नीलामी की शर्तें-

1- मत्स्य जीवी सहकारी समितियों की पात्रता की वरीयता का क्रम एवं शर्त शासनादेश संख्या -01 / 2019 / 33 / एक-2-2019-19 (रिट) / 2018 दिनांक 10 जनवरी 2019 में वर्णित है।

2- प्रतिभाग करने वाली समिति को सम्बन्धित खण्ड की न्यूनतम धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत के रूप में पट्टा / नीलामी से पूर्व जमा करना होगा एवं नीलामी पूर्ण होने पर कुल 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी वाले दिन तत्काल तथा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि 01 सप्ताह के अन्दर जमा करनी होगी। यदि समिति के द्वारा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि 01 सप्ताह में जमा नहीं की गयी तो जमा की गयी 25 प्रतिशत धनराशि राज्य हित में जब्त कर ली जाएगी।

3- उपरोक्त नीलामी में प्रतिभाग, मत्स्य विभाग में पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समिति द्वारा ही किया जायेगा।

4- नीलामी प्राप्तकर्ता समिति को मत्स्य विभाग के अधिकारियों की देख-रेख में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की 2000 मत्स्य अगुलिका प्रति कि0मी0 की दर से रिवर रैंचिंग करवाना अनिवार्य होगा।

5- पट्टाधारक / नीलामी प्राप्तकर्ता के द्वारा बहती हुई नदी / जलधारा को रोकने का प्रयास नहीं किया जायेगा।

6- सम्बन्धित तहसील एवं मत्स्य विभाग से अदेयता प्रमाण पत्र देना होगा।

7- पट्टे / नीलामी की समस्त धनराशि का लेन-देन समिति के खाते से ही ड्राफ्ट के माध्यम से विभागीय बैंक खाता "मत्स्य विकास निधि" के पक्ष में देय होगा।

8- पट्टा / नीलामी / स्वीकृत / अस्वीकृत का आधार जिलाधिकारी, बरेली में निहित होगा।

पट्टा / नीलामी से संबधित शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य (कमरा नं0 40, विकास भवन), बरेली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

UPID-238355, DATE-26/09/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

उप जिलाधिकारी / नीलाम अधिकारी
तहसील सदर, बरेली


# कार्तिक पूर्णिमा के मेले को लेकर जिलाधिकारी ने किया भूमि का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गढ़मुक्तेश्वर की बूढ़ी गंगा पर लगने वाले मेले की भूमि का स्थलीय और भौतिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी के साथ अध्यक्ष जिला पंचायत रेखा नागर, विधायक गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र तेवतिया, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान में मेले क्षेत्र की भूमि में अत्यधिक नमी और दलदली अवस्था है। जिला. धिकारी ने संबंधित अधिका. रियों के साथ स्वयं गंगा क्षेत्र में उतरकर दलदली भूमि का भौतिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिया कि मेले की संपूर्ण तैयारी व कार्य योजना समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने विशेष रूप से दलदली भूमि को समय से ठीक करने के लिए सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने जिलाधिकारी को मेले के भौगोलिक मानचित्र के माध्यम से क्षेत्र की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। निरीक्षण के समय अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, जिला आबक. ारी अधिकारी, एक्शन लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायती राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, और जिला सूचना अधिकारी सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत एसपी ने छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में स्थित डीएम पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित कर छात्राओं और महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से छात्राओं को जागरूक किया।

इस दौरान एसपी ने छात्राओं व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी। उन्हें इन नंबरों की उपयोगिता समझाई गई ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके।

एसपी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और मानसिक सतर्कता व त्वरित निर्णय लेने की तकनीक बताई। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। बच्चों को गुड टच-बैड टच समझाया गया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना है ताकि वे हर प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठा सकें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसौली (बदायूँ)

पत्रांक:-392(1)/न0पा0परि0बिसौली/2025-26/ दिनांक:-27/09/2025

**प्रस्ताव आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत अनुभवी गैर सरकारी संगठनो (NGO)/ट्रेनिंग पार्टनर / कूड़ा प्रबन्धन अनुभवी फर्मो को सूचित किया जाता है, कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, बिसौली के अवस्थित 25 वार्ड/मौहल्ले के कूड़े में सोर्स सेग्रिकेशन हेतु प्रशिक्षण एवं निकाय स्तर पर मास्टर ट्रैनर्स, स्वच्छता निरीक्षक, पर्यवेक्षक, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति अध्यक्ष, समस्त स्वच्छता कार्मिकों और सफाई मित्रों एवं वार्ड स्तर पर घरो और नागरिक समूह का ऑन साइड प्रशिक्षण कराये जाने हेतु एक ट्रैनिंग पार्टनर का चयन किया जाना है। इस हेतु सम्बन्धित पंजीकृत फर्मो / संस्थाओं से तकनीकि एवं वित्तीय प्रस्ताव दिनांक-03.10.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में नगर पालिका परिषद बिसौली में जमा कर सकते है। नियत दिनांक व समय तक प्राप्त प्रस्ताव तद् दिनांक को समय सायं 04:00 बजे प्रस्ताव दाता एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे। शेष अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

# प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शनिवार को महाराजा पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज सरकथल में ब्लॉक स्वार के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में माह अक्टूबर में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु कार्य एवं दायित्वों के निर्भर निर्धारण के संबंध में चर्चा हुई। प्रेरणा पोर्टल पर समस्त प्रकार के डीसीएफ भरने के निर्देश एवं समीक्षा की गई। विद्यालयों की 14 पंजिकाओं का डिजिटिलाईजेशन के संबंध में निर्देश दिए गए। समस्त विद्यालयों के टीचर से निपुण लक्ष्य ऐप से शतप्रतिशत बच्चों का असेसमेंट करने के निर्देश दिए गए। प्रेरणा पोर्टल पर विद्यालय में सभी छात्रों को समय से वेरीफाई करने के निर्देश दिए गए।

जिससे उन्हें डीबीटी की धनराशि प्राप्त हो सके।



अप्रैल के अंतर्गत कक्षा चार व पांच के बच्चों की शैक्षिक स्थिति की समीक्षा, मिड डे मील मेनू के अनुसार बनवाना तथा एमडीएम खिलाने से पूर्व भोजन समिति द्वारा पहले भोजन को चखना उसके 20 मिनट बाद बच्चों को मिड डे मील खिलाना है तथा प्रत्येक दिन एमडीएम का सैंपल स्कूल में सुरक्षित रखना है।

विद्यालयों में निपुण भारत मिशन से संबंधित समय सारणी को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए जैसे शिक्षण आधारित शिक्षण शिक्षण डायरी ,निपुण तालिका, आकलन पंजिका आदि को रखने के निर्देश दिए गए। निपुण संबंधी ऐप जैसे दीक्षा एप, रीड अलोंग एप, निपुण आकलन हेतु निपुण लक्ष्य एप आदि का उपयोग शिक्षण कार्य में सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित किया गया।

पुस्तकालय लर्निंग कॉर्नर को निश्चित रूप से संचालित करने हेतु कहा गया समस्त विद्यालय में नवीन रजिस्टर चलेंगे अध्यापक उसकी एवं निरीक्षण पंजिका साथ-साथ रखें जो भी आए उसे रजिस्टर में आकलन कराया जाए आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष शिक्षक को जानकारी उन्मुक्त करना विद्यालयों में निपुण भारत मिशन से संबंधित समस्त सामग्री को अपडेट रखने के निर्देश दिए गए जैसे संदर्शिका आधारित शिक्षक शिक्षक डायरी, निपुण तालिका, आकलन पंजिका आदि। बैठक में डॉक्टर राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, सुखलाल सिंह , जयप्रकाश सिंह , मोहम्मद तनवीर, इंद्रेश कुमार, आनंद सिंह भंडारी, हिमदीप सिंह, रवि कुमार, पूर्व एआरपी तहसीन आलम, राकेश कुमार, मनोज कुमार निमेष वर्तमान एआरपी प्रदीप सिंह, मुकेश कुमार, अनुराग गर्ग, ब्लॉक के तमाम शिक्षक उपस्थित रहे। मंच का संचालन एआरपी प्रदीप सिंह ने किया।

# एडीएम की अध्यक्षता में दो अक्टूबर की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर पालिका शहर में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने बताया कि सद्भावना दौड़, गांधी स्मारक पर माल्यार्पण, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, ध्वजारोहण, स्वास्थ्य शिविर और छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, वाद-विवाद तथा चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की जायेंगी।

स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, कारागार और छात्रावासों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा रोगियों को फल वितरण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को प्रभात फेरी और प्रतियोगिताओं के



सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन मूल्यों सत्य, अहिंसा, त्याग, सेवा, स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी जिम्मेदारियां समयबद्ध के साथ पूरी करें, ताकि जयंती के अवसर पर होने वाले आयोजन गरिमापूर्ण और अनुशासनपूर्वक सम्पन्न हो सकें। इस अवसर पर समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों से निजात को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर के वार्ड नम्बर 11 के सभासद रईस भूरा व वार्ड 5 के सभासदपति मोहम्मद मसरूर ने एसडीएम को ज्ञापन देकर नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि टांडा नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि आए दिन कुत्ते किसी न किसी व्यक्ति को काट रहे हैं, जिससे लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं और नगरवासियों में भय का वातावरण बना हुआ है। नगर क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग विशेष रूप से इस समस्या से परेशान हैं। कई बार कुत्तों के हमले से लोग अस्पताल तक पहुँच रहे हैं। यह स्थिति नगर की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।

नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान हेतु शीघ्र प्रभावी कार्यवाही की जाए। कुत्तों को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था की जाए।नगरवासियों को इस समस्या से राहत दिलाने के लिए स्थायी समाधान की कार्ययोजना बनाई जाए।

# मण्डी व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी एकत्र हुए और मंडी समिति पहुंचे मंडी समिति पहुंच कर व्यापारी व पदाधिकारी मंडी समिति में बैठक माध्यम से अवगत कराया कि मंडी समिति में समस्या गंभीरताओं से लिया जाए।

इस अवसर पर मंडी समिति के शाहिद मामू, नूर अली, नाजिश व सैकड़ों आढ़तियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देशन अनुसार नीतीश अग्रवाल को निर्विरोध मंडी समिति द्वारा मंडी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि नवीन फ्रूट और सब्जी मंडी में जो दुकानें हैं वह बहुत छोटी बनाई गई है। दुकानों के आगे चबूतरे भी दिए गए हैं वह ऊपर से खुले हुए हैं उन पर कोई साया नहीं दिया गया है। जब मंडी शिफ्ट हुई थी तो फ्रूट और सब्जी मंडी दुकान वालों ने चबूतरे के ऊपर




तिरपाल लगाकर टीन सैड लगवाए थे वह जब से लगे हुए थे जिससे फ्रूट और सब्जी को बारिश के पानी और धूप से बचाया जा सके। छोटी दुकानों में जगह ही नहीं है कि फुल गाड़ी का माल उतार कर रखा जा सके।

धुवस्तीकरण की सूचना व जानकारी मंडी सचिव द्वारा किसी भी दुकानदार को लिखित में नहीं दी गई जो नियम विरोध लाखों रुपए के टीन सेट बर्बाद कर दिए गए। फ्रूट और सब्जी मंडी की छोटी दुकानों में फ्रूट और आलू प्याज और किसानों की सब्जी बर्बाद हो रही है। काफी बड़ा नुकसान हुआ है और जब भी कोई चुनाव होता है तो मंडी समिति में वोटिंग मशीन पेटियां रखी जाती है जिससे व्यापारियों को सड़कों पर आना पड़ता है। इस समस्या को भी ध्यान में रखते हुए चुनाव की वोटिंग मशीन व पेटियां कहीं और शिफ्ट कराई जाए साथ ही मांग की की मंडी समिति द्वारा दुकानों के आगे चबूतरों पर सेट लगावाएं जाएं। नवीन मंडी में लगभग 75 प्रतिशत जमीन खाली है उसमें दुकान और पक्के टीन शैड बनवाकर दिए जाएं जिससे जो लोग खुले स्थान पर बेचने का कार्य करते हैं वह किसानों का माल वारिस के पानी व धूप में खराब होता है जिससे उनको सुविधा हो सके और उनकी जो बर्बादी और नुकसान हो रहा है उसे बचाया जा सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी , मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान शाहिद मामू, नूर अली, नाजिश मियां ,बाबू खान, दिलशाद अहमद फहीम अहमद प्रदेश संगठन मंत्री, शादाब खान, साहब खान,गोपाल शर्मा, शराफत खान, असीफुल्लाह खान, शाहिद अली, शाहिद खुसरो, रिजवान पहलवान, अफसर हाजी, खान भाई ,फहीम खान,ब का आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घटी जीएसटी जिला उपहार कार्यक्रम की बताई उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार कार्यक्रम के अंतर्गत नगर की विभिन्न मार्केट में व्यापारियों छोटे दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं से जनसंपर्क करके जीएसटी के लाभ के संबंध में फीडबैक लिया।

इस दौरान दीक्षा गंगवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मिलक के प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश एवं कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार समाजसेवी एवं भाजपा नेता साथ में मंडल अध्यक्ष भाजपा ममता अत्री चंद्रभान मित्तल, बसंत कुमार एडवोकेट, शैलजा चौहान आदि उपस्थित रहे।

# भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन दर्शकों की आंखें हुई नम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन, दर्शकों की आंखें हुई नम नगर के रामलीला ग्राउंड में रामलीला मंचन में शुक्रवार को रात भरत मिलाप का प्रसंग अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रस्तुत किया गया।

चित्रकूट की पवित्र धरती पर आधारित इस प्रसंग में भाइयों के बीच त्याग, प्रेम और धर्म निष्ठा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मंचन के दौरान कलाकारों की भावपूर्ण अदायगी और संवादों ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। रामलीला चित्रण में अयोध्या से भरत, प्रभु श्रीराम को वनवास से वापस बुलाने चित्रकूट पहुंचे। भरत ने राम के चरणों में गिरकर आग्रह किया कि वे



अयोध्या लौटकर राजगद्दी संभालें। यह दृश्य देखते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, डॉ डीके अग्रवाल, भुवनेश भार्गव, राजू गुप्ता, हरिओम रस्तोगी, विशाल गुप्ता, अनूप गुप्ता, रुद्रपाल सिंह चौहान, अजय मौर्या, सतीश रोहिल्ला, हरिशंकर गुप्ता, सर्वेश अग्रवाल, विकास रोहिल्ला, संदीप अग्रवाल आदि रहे।

# बिजारखाता के ग्रामीणों ने नाला खुलवाने को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बिजारखाता के ग्रामीणों ने नाले से कब्जा हटवाकर नाला खुलवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

बिजारखाता गांव निवासी रहीस अहमद पुत्र अहमद हसन ने नाला पाटकर उस पर कब्जा कर रखा है जिसकी बजह से सड़क पर पानी भर गया है। जिसकी बजह ग्रामीणों को रास्ते पर निकलना दुश्वार हो गया है ग्रामीणों ने नाले को बन्द करने वाले व्यक्ती के खिलाफ प्रदर्शन कर जिला अधिकारी से कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वाले फहीम अहमद, मोहम्मद आकिल, इमरान, मोहम्मद नाजिम, अमीर अहमद, अवसर अली इरशाद, मोहम्मद यूसुफ, अय्यूब, वसीम, कय्यूम, आदि लोग शामिल रहे।

# समाजसेवी की ओर से प्रत्येक माह को कराया जाता है भोजन वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को शहर स्थित गांधी समाधी पर समाजसेवी ने गरीब लोगों को खिलाया भोजन।

बताते चलें कि शहर के गांधी समाधी के पास टॉप नौच मेक ओवर की संचालिका अंशिका अग्रवाल प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट ने गरीब लोगों को भोजन वितरित किया। इस दौरान उनके पति ईशान अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी ओर से गरीब लोगों के लिए ईश्वर की कृपा से प्रत्येक माह को भोजन वितरित किया जाता है। यह सब ईश्वर की कृपा से ही हो रहा है और ईश्वर की कृपा बनी रही तो आगे भी सेवा जारी रहेगी।

इस भोजन वितरण में अनेकों रिक्शा चालक व स्कूली बच्चे तथा रास्ते से



गुजर रहे राहगीरों ने खूब स्वाद में भाव के साथ भोजन ग्रहण करते हैं और साथ ही साथ अंशिका अग्रवाल को उसके इस भोजन ग्रहण करवाने का उपलक्ष में उन्हें आशीर्वाद भी देते हैं यह प्रक्रिया इनकी लगभग 1 साल से लगातार गरीब दीक्षा चालक बा राहगीरों को हर महीने भजन करवाते हैं जिसमें चावल छोले वी कभी-कभी आलू पुरी बच्चों ले बकाई प्रकार की भोजन वितरण भी करती हैं।

# दीक्षित कॉलेज रामपुर में एनसीसी कैडेट्स ने फ्लैग एरिया ड्राइंग कंपटीशन में किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दीक्षित कॉलेज ऑफ हॉयर एजूकेशन रामपुर में आज 23 उत्तर प्रदेश एनसीसी बटालियन द्वारा फ्लैग एरिया कंपटीशन का आयोजन कराया गया। जिसमें दीक्षित कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। फ्लैग एरिया/ ड्राइंग प्रतियोगिता का शीर्षक उत्तर प्रदेश विकास का प्रतिबिंब रहा। जिसके अंतर्गत कैडेट्स ने चार्ट बनाकर एवं उससे संबंधित 150 शब्दों में अपने विचार लिखे।

इस ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धर्मराज द्वितीय स्थान आफरीन एवं तृतीय स्थान पूजा देवी ने प्राप्त




किया। एनसीसी कैडेट्स ने पूरे जोश और लगन के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कैडेट्स के बीच कड़ी प्रति स्पर्धा देखी गई।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ रमेश कुमार अवस्थी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कैडेट में रचनात्मकता, देशभक्ति और देश के समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना होता है। इस प्रतियोगिता में कैडेट्स कला के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों को प्रदर्शित करते हैं। बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ खेमेन्द्र शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लैग एरिया कंपटीशन एक ऐसा कंपटीशन है जिसमें एनसीसी कैडेट्स अपने देश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत को दर्शाने के लिए कलाकृतियां, पोस्टर बनाकर उसको शब्दों में व्यक्त करते हैं। प्रतियोगी भावनाओं को विकसित करने हेतु फ्लैग एरिया ड्राइंग कंपटीशन बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। महेंद्र पाल के दिशा निर्देशन में आज का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्कूल की बालिकाओं ने किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कार्यक्रम के माध्यम से लैगिंग समानता के विषय में किया लोगों को जागरुक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन' हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शारदीय नवरात्र के छठे दिन जिलाधिकारी निर्देशानुसार जनपद में राजकीय खुर्शीद इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित 'मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्कूल की बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लैगिंग समानता के विषय में जागरुक किया।



जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्य ने बताया कि सशक्तिकरण बालिकाओं को सशक्त बनाना ताकि वे अपने जीवन और समुदायों को आकार देने में सक्षम हों। हम सब को लैंगिक समानता के लिए अपने घर परिवार से ही शुरुआत करनी होगी तथा बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न नीतियों के बारे में प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की टी-शर्ट एवं कैप देकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गई इसमें बाल संरक्षण इकाई की टीम वन स्टॉप सेंटर की टीम चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के द्वारा बालिकाओं को मोमेंटो देकर सम्मनित भी किया गया।

# किसान के पॉपुलर के पेड़ अज्ञात लोगों ने काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के किस के 90 पॉपुलर के पेड़ अज्ञात लोगों ने काट लिया जिनकी तहरीर किसान ने अज्ञात लोगों के लाभ कोतवाली में दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐमी गांव निवासी यशपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें लिखा है कि 26 सितंबर की रात्रि में अज्ञात लोगो के द्वारा खेत में लगे पॉपुलर के पेडो मे 90 पॉपुलर के पेड़ 2 फीट ऊपर से काट दिए।

आज यशपाल जब अपने खेत की तरफ घूमने गया तो यह देख खेत स्वामी के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई। इस संबंध में यशपाल ने कोतवाली में जांच कर कानून कारवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रामपुर में धूमधाम से मनाया गया साई बाबा का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को श्री सत्य साई सेवा समिति रामपुर के तत्वाधान में भगवान श्री शिरडी साई बाबा जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ साई सत्संग दरबार (साई मंदिर) स्थित नूर महल कॉलोनी रामपुर में मनाया गया प्रातः काल से ही भक्तों का आगमन मंदिर जी में रहा। प्रातः काल में भी भक्तों द्वारा भजन कीर्तन कर बाबा की आरती की गई। सायंकाल 5:00 बजे से भक्तों द्वारा नाम संकीर्तन 11 वचन, साईअष्टोत्तर पाठ, साई गायत्री आदि पाठ किए गए।

शिर्डी साईं बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम में बोलते हुए समिति जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार नंदा ने कहा कि आज के परिवेश में मानवता पर बड़ा संकट आ गया है क्योंकि आज मनुष्य माननीय मूल्य को भूलकर भौतिक सुख प्राप्त करने में लग गया है ऐसे में समाज को सही दिशा देते हुए साई बाबा के द्वारा दिए गए वचनों और संदेशों को आज के परिवेश में हम सबको आत्मसात करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि हमें समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे एकता एवं समंवय बनाने की आवश्यकता है, हमें मानव सेवा, माधव सेवा समझकर दूसरों की सेवा निस्वार्थ भाव से करना चाहिए और अपने जीवन को आनंदपूर्वक जीना चाहिए।

डॉ अनुज भटनागर ने साई बाबा जन्मोत्सव कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि प्रेम, सद्भाव एवं एकता एक ऐसा मंत्र है जिसके द्वारा हम समाज में नई चेतना का संचार कर सकते हैं उन्होंने कहा कि हमें यथायोग्य दूसरों की सेवा भलाई एवं



कल्याण हेतु कार्य करने चाहिए श्री भट्नागर ने कहा कि हमें भेदभाव से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए।

समिति संयोजक महेंद्र सिंह यादव ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें हर परिस्थिति में मानवता को साथ लेकर अपने कार्य को करना चाहिए और अपने सेवा कार्यों में अनुशासन बनाकर सामाजिक कार्य करना चाहिए।

साई सत्संग दरबार अध्यक्ष जी ने दरबार में उपस्थित सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन के साथ हमें प्रेम का व्यवहार भी करना चाहिए उन्होंने कहा कि साई बाबा ने श्रद्धा और सबूरी से हमें जीवन में जीने का एक मंत्र दिया है,हम उसी मंत्र के द्वारा अपने जीवन में बहुत ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं उन्होंने मानवता पर चलने की अपील भक्तों से की।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में साई सेवकों को समिति की ओर से षसिंबल ऑफ लव ष्प्रदान किया गया अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया उक्त जन्मोत्सव कार्यक्रम में बाल विकास समन्वयक ज्योति देवल, सेवादल समंवयक राजेंद्र कुमार सक्सेना, युवाध्यक्ष शिवा सक्सेना, पंकज अग्रवाल, श्वेता अरोरा, सुमित अरोरा, शोभा सिंह दिनेश कुमार (पूर्व संयोजक ) साई समर्थ , साई सार्थक, दीपा सक्सेना, शारदा नरूला, अंजलि माथुर, श्वेता वर्मा, मिथिलेश शर्मा, एस.के.मल्होत्रा आदि साई भक्तों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाया।

# राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को बांटे विभिन्न सहायक उपकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत गांधी समाधि स्थित रंगोली मण्डप में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण अनुदान योजना के अन्तर्गत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गये।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि



शिविर में 100 ट्राईसाइकिल, 05 ब्रेल किट, 05 स्मार्ट केन एवं 20 जोड़ी बैशाखी का वितरण दिव्यांगजनों को किया गया।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक वीना भारद्वाज एवं, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

**● भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक.ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं।

**एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज**



साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। **यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है।

**भारत की संभावित एकादश**

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम.राह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

# अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड



**● एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल.सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाईब्रेकर नहीं हारी है। अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट को.हली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे। अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बाल पर फिफ्टी लगाई अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बाल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 7 बार यह कारनामा किया है। अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए।

# शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

**● तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को



तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

# मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज



**● हार्दिक श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया।

हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाकी पारी में बर्फ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए।

# यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है: जयसूर्या

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आखरिरी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के खिलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आखरिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर मौजूद थे। लेकिन वह आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आखरिरी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। लेकिन आखिरी गेंद पर वह सिर्फ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर



**● कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता, दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए**

ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीके से ही जीत लें।

कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के खलिाफ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाजी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक जबरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली। जयसूर्या ने निसंका और परेरा की पारी के बारे में कहा कि जब आप 202 (203) का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री तलाशनी होती है। उनकी साझेदारी काफी महत्वपूर्ण थी। जब हमने विकेट खोना शुरू किया, तो मोमेंटम दूसरी ओर चला गया। चेज में ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी को जोखिम लेना पड़ता है। दुख की बात है कि पथुम गलत समय पर आउट हो गए, और बाद में गेंद ज्यादा टर्न होने लगी। फिर भी यह एक बहुत अच्छा मैच था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारतीय धाविका दीप्ति फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रातकालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है।

भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5-32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के

**● दो स्वर्ण के साथ नीदरलैंड शीर्ष पर, दीप्ति ने 400 मी. स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई**

येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23:38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

# जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें, 52वें मिनट), सामी लव (38वें मिनट), मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने गोल किए। भारत, जिसे कल अपने पहले मैच में 2-3 से मामूली हार का सामना करना पड़ा था, वापसी करने के लिए बेताब था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रुख दिखाया। मेजबान टीम ने मकायला जोन्स के जरिए लगातार दो गोल दागे। ये दोनों मैदानी गोल 10वें और 11वें मिनट में हुए, जिससे भारत मुकाबले की शुरुआत में ही पिछड़ गया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने फिर से संगठित होकर अपनी लाइन को मजबूत किया और हाफ टाइम से पहले ऑस्ट्रेलिया को और मौके नहीं दिए। गोलकीपर और डिफेंडरों ने मिलकर लगातार दबाव बनाए रखा, जबकि भारत ने भी कुछ आक्रामक हमले करके आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि वे सर्कल में अपने मौकों को भुना नहीं पाए। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौकों का पूरा फायदा उठाया। सामी लव (38वें मिनट) ने मैदानी गोल करके बढ़त को और मजबूत किया और स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तेज जवाबी हमले किए लेकन वे विफल रहे। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) के गोल के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिसके दो मिनट बाद मकायला जोन्स (52वें मिनट) ने अपनी हैट्रिक पूरी करके परिणाम को संदेह से परे कर दिया।

## काउंटी में राहुल चाहर का जलवा एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिवीजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है।

# मैदान के बाहर के विवादों से प्रभावित हुआ सूर्या का प्रदर्शन

**● इस साल 10 पारियों में भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ 99 रन बनाए**

**दुबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर आखिरी बार कवर्स में पंच मारकर भारत को सुपर ओवर में जीत दिलाई थी। लेकिन अंत में हुए इस नाटक के शुरू होने से बहुत पहले ही, ऐसा लग रहा था कि वह एक छोटे से खराब प्रदर्शन से प्रभावित होने लगे हैं।

भारत के पहले बल्लेबाजी करते समय, जब वह पगबाधा की अपील पर रिव्यू लेने का फैसला किया, तो शायद यह जानते हुए कि वह पगबाधा आउट हो चुके हैं, यह इस बात की पुष्टि करता है कि टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक, एक साधारण बल्लेबाज था, जिसने पिछले तीन मैचों में 12, 5 और 0 के स्कोर बनाए थे। ये स्कोर के एक व्यापक समूह का हिस्सा हैं जो ज्यादा आक्रामक हैं। इस साल दस पारियों में, भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ सिर्फ



99 रन बनाए हैं। अगर आप थोड़ा और पीछे जाएं, जून 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के ठीक बाद से लेकर अब तक, तो ये आंकड़े थोड़े ही बेहतर होते हैं: 19 पारियों में दो अर्द्धशतकों के साथ 329 रन। सूर्यकुमार के ऊंचे मानक उनके इस फॉर्म को खोखला कर देते हैं। और ऐसा किसी स्पष्ट कमजोरी या बड़ी खामियों की वजह से नहीं है, हालांकि उनकी पूर्व-योजना बनाने की आदत - जैसे कि वह पिक-अप फ्लिक जिसे वह ज्यादातर बेपरवाही से खेलते हैं - इस एशिया कप में ही कई बार उनके पतन का कारण बनी है। सूर्यकुमार के लिए, यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग कारणों से सुर्खियां उन पर बनी हुई हैं-उनके हाव-भाव, टिप्पणियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुटकुले और सबसे बड़ी बात, हाथ मिलाने का मामला। इसके अलावा अनुशासनात्मक सुनवाई और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल भी हुए हैं। इसके बावजूद भारत का अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचना उन्हें राहत दे रहा है। सूर्यकुमार के मामले में विरोधाभास साफ दिखाई देता है क्योंकि उन्होंने मैच के दिनों की चकाचौंध से दूर, बल्लेबाजी को कितनी सहजता से किया है। एशिया कप के पहले हाफ में ट्रेनिंग के दौरान, उन्होंने किसी भी बल्लेबाज की तरह ही शानदार बल्लेबाजी की, जिससे यह साबित होता है कि वह एक खतरनाक ऑलराउंड बल्लेबाज क्यों हैं। हालांकि, मैच के दिनों में, उनकी बेरुखी और कभी-कभी, कुछ खास शॉट लगाने की बेताबी साफ दिखाई देती है। शुक्रवार को, सूर्यकुमार को एक बेजान मैदान में अपनी लय हासिल करने का मौका मिला।

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावल. पुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शि. विरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।



■ पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।



हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

## अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

## इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

### युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज



**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शि. विर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।

## यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरा. ेपीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

### इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



■ गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे

■ नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

## नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

### एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है



**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

## बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

■ बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लो. कतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

## यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

■ सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और साम. ुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिक. ारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवा. सियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

## यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

## UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

■ यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेस. ीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेस. ीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।

### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिग्शी शहर के लोंग्शी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।


# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीकात जल्द ही ग्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।






# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुकोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोऋ स्लो मोशन में बनाया गया।

# बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवार्ड्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

# सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल

**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहाा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह



**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मासूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।

